# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025



Follow Us On
@Sahelijewellers

FIRST AND BIGGEST
Designer Jewellery Showroom

सहेली ज्वेलर्स
RAIPUR

5 लाख से भी अधिक सम्माननीय परिवारों के विश्वास के लिए
धन्यवाद छत्तीसगढ़

3rd ANNIVERSARY के
शानदार सात दिन

आपके सहयोग और विश्वास से हमारी यह रायपुर शोरूम की यात्रा सम्भव हुई है। आपका स्नेह और उपस्थिति हमारे लिए सम्मान का विषय होगी।

16th से 22nd नवम्बर

सिर्फ 3% मेकिंग चार्ज
16th नवम्बर 7.00 AM TO 09.00 AM
केवल रायपुर शोरूम

सिर्फ 4% मेकिंग चार्ज
16th नवम्बर 9.00 AM TO 12.00 PM
केवल रायपुर शोरूम

फ्लैट 50% OFF
मेकिंग चार्ज
16 नवम्बर, दोपहर 12:01 बजे से
रायपुर और दुर्ग शोरूम

सभी 22 कैरेट गोल्ड, डायमंड एवं पोल्की ज्वेलरी पर

*T&C Apply

CREATIVE HUB ADVERTISING

FISHTECH SOLUTIONS PVT. LTD.

Raipur, Sadar Bazaar +91 9584411144 | Durg, Shree Shivam Mall +91 9244509870

100% HUID हॉलमार्क ज्वेलरी। | 100 % IGI सर्टिफाइड डायमंड ज्वेलरी | किसी भी ज्वेलर्स से खरीदी हुई पुरानी गोल्ड ज्वेलरी पर पाएँ 100% वैल्यू | SUNDAY OPEN

**खबर संक्षेप**



## भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर राजधानी में जमकर जश्न मनाया और ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य करते हुए पटाखे जलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर और एकात्म परिसर स्थित भाजपा क्रमशः प्रदेश व जिला कार्यालयों में रुझानों में एनडीए की लगातार बढ़त के साथ जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान एकात्म परिसर में भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी, जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री अमित मैशेरी, गुंजन प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष सत्यम दुआ, अकबर अली, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी, उज्ज्वल दीपक, तुषार चोपड़ा, संजूनारायण सिंह ठाकुर, उमेश घोरमोड़े, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अश्वनी विश्वकर्मा, वासु शर्मा, रविंद्र सिंह, अर्पित सूर्यवंशी, अंकित द्विवेदी, विशाल पांडेय, सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने बिहार विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर जश्न मनाया।

## नुआपाड़ा की जीत में भी प्रदेश के नेताओं की भागीदारी

**रायपुर।** ओड़िशा की नुआपाड़ा विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी जय ढोलकिया करीब 87 हजार 700 मतों से जीते। इस विधानसभा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भी जीत के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में रैली व सभाएं की व उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क अभियान में हिस्सा लिया था। मंत्री गुरू खुशवंत साहेब ने भी लगातार दौरा कर भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व ओड़िशा की प्रदेश सह प्रभारी लता उसेंडी ने इस ऐतिहासिक जीत में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के प्रति आभार माना है। उपचुनाव में सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक अनुज शर्मा, रोहित साहू, योगेश्वर राजू सिन्हा व पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक धमरूधर पुजारी सहित कई कार्यकर्ताओं ने प्रचार का जिम्मा संभाला था।

## सोसाइटी हड़ताल पर सरकार ने लगाया एस्मा

**रायपुर।** 3 नवंबर से जारी सोसाइटी प्रबंधकों और ऑपरेटरों की हड़ताल के खिलाफ राज्य शासन ने कड़ा कदम उठाते हुए एस्मा लगाया है। इस संबंध में गृह विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। आदेश में कहा गया है कि राज्य सरकार का यह समाधान हो गया है कि लोक हित में यह आवश्यक तथा समीचीन है कि राज्य में 15 नवंबर, 2025 से 31 जनवरी 2026 अर्थात खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की संपूर्ण धान खरीदी की अवधि तक धान खरीदी कार्य में संलग्न समस्त कर्मचारियों को अत्यावश्यक सेवा में कार्य करने से इनकार किये जाने का प्रतिषेध किया जाये। यह 15 नवंबर, 2025 से 31 जनवरी 2026 अर्थात खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 तक की कालावधि के लिये तत्काल प्रभाव से प्रवृत्त होगा।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में व्यवस्था दुरुस्त करने और पानी टंकियों की नियमित सफाई पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में व्यवस्था दुरुस्त करने तथा जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्माण की गई पानी टंकियों की नियमित सफाई व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को जिला पंचायत रायपुर के मीटिंग हॉल में बैठक हुई। इस बैठक में जिला पंचायत की सभापति सरोज चंद्रवंशी, सदस्य शैल महेंद्र साहू, तारिणी चंद्राकर एवं वतन चंद्राकर के साथ स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। सभापति सरोज चंद्रवंशी ने



■ जिला पंचायत के सभापति, सदस्यों की मौजूदगी में स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पीएचई विभाग अधिकारियों की हुई बैठक

बताया कि इस बैठक में स्वास्थ्य स्वच्छता विभाग अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित शासकीय सामुदायिक स्वास्थ केंद्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था से लेकर दवाइयां, इलाज से संबंधित उपकरण आदि व्यवस्था को दुरुस्त करने पर चर्चा हुई है। इस चर्चा के दौरान सदस्यों ने अधिकारियों से कहा कि सिकल सेल सहित अन्य गंभीर मरीजों का इलाज आयुष्मान कार्ड से प्राइवेट अस्पतालों में होना चाहिए। इसके लिए सभी प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड से संबंधित इलाज की विस्तृत जानकारी संबंधी डिस्प्ले लगाए जाने की व्यवस्था होनी चाहिए।

### पानी टंकियों की नियमित सफाई एवं जांच होनी चाहिए

इस बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। सभापति सहित अन्य सदस्यों ने विभाग से संबंधित जुड़ी योजनाओं पर भी चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकियों का निर्माण तो किया गया है, लेकिन इनकी मॉनिटरिंग एवं सफाई व्यवस्था नियमिति नहीं हो रही है। इस व्यवस्था को दुरुस्त किया जाना चाहिए। इसके लिए नियमित रूप से पानी टंकियों का निरीक्षण एवं सफाई का लाइव विडियो बनाकर इसका डॉटा तैयार किया जाना चाहिए। यह डॉटा सदस्यों को भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

## कांग्रेस बोली- चुनाव आयोग से गठबंधन से ही ऐसा परिणाम संभव

# भाजपा नेता बोले- बिहार की जनता ने विकास और सुशासन पर जताया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बिहार में एनडीए को मिली ऐतिहासिक जीत पर प्रदेश में भाजपा नेताओं ने जमकर जश्न मनाया। इसी के साथ भाजपा नेताओं ने एक स्वर में कहा, बिहार की जनता ने विकास और सुशासन पर भरोसा जताया है। बिहार की जनता ने भ्रष्टाचार और घुसपैठियों के खिलाफ मतदान करके एक बार फिर से एनडीए पर भरोसा जताते हुए उसको सत्ता की चाबी सौंपी है।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने एनडीए की प्रचंड जीत के लिए सभी कार्यकर्ताओं एवं पार्टी पदाधिकारी सहित आम जन को शुभकामनाएं और बधाई दी है। बिहार की जनता ने उचित समय में उचित निर्णय लिया है। बिहार की जनता ने एक बार फिर विकास का साथ दिया है और सुशासन के साथ खड़े होने का फैसला लिया है।

### बिहार की जनता ने तमाम हथकंडों को धता बताया : साव

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, बिहार के चुनाव नतीजे बहुत ही ऐतिहासिक परिणाम हैं। बिहार की जनता ने सारे प्रकार के हथकंडों को धता बताते



हुए विकास और सुशासन पर भरोसा किया है, डबल इंजन की सरकार पर भरोसा किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए पर भरोसा किया है। यह चुनाव परिणाम बहुत ऐतिहासिक है विकास और सुशासन के लिए बिहार की जनता ने जो जनादेश दिया है, उससे देश की राजनीति को एक नई दिशा मिलेगी और प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश और बिहार एक बार फिर आगे बढ़ेगा।

### महागठबंधन नहीं महाठगबंधन : चौधरी



प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, यह एनडीए की जीत नहीं, आंधी और सुनामी भी है। एनडीए को बिहार की जनता ने आशीर्वाद दिया है। एनडीए विकसित भारत की नींव डाल रहा है। जनता समझ रही है भाजपा और सहयोगियों की सरकार बेहतर है। श्री चौधरी ने कहा- कांग्रेस डूबती नाव है, महागठबंधन को जनता ने महठगबंधन करार दिया है।

### मोदी मैजिक की प्रामाणिकता सिद्ध : अजय जामवाल

भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा, ये नतीजे बिहार में मोदी मैजिक की प्रामाणिकता



सिद्ध कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर संगठनात्मक स्तर पर कार्यकर्ताओं के अनथक परिश्रम और 'मेरा बूथ-सबसे मजबूत' की रणनीति की सफलता है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के नेतृत्व में बिहार में पार्टी के चुनाव प्रचार की कमान संभालकर जो कड़ी मेहनत की और बिहार में भाजपानीत राजग की ऐतिहासिक जीत की बुनियाद रखी।

### जनता की आकांक्षाओं की जीत है : पवन साय



भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा, बिहार चुनावों में यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और नीतियों के साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक रणनीति पर जनता-जनार्दन की मुहर है। यह जीत बिहार की जनता की आकांक्षाओं की जीत है।

### भविष्य के निर्माण के लिए ऐतिहासिक जनादेश : पाण्डेय



भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडे ने कहा, बिहार की जीत आम जनता का एनडीए को आशीर्वाद है। यह बिहार में युवा पीढ़ी के भविष्य के निर्माण के लिए यह ऐतिहासिक जनादेश है। एक तरफ जंगलराज, लूटपाट, सब प्रकार से असुरक्षा की भावना, माता एवं बहनों के साथ जो अत्याचार किए गए, यह जनादेश उस राजनीतिक दुष्प्रवृत्ति को माकूल जवाब है, सदाचार की शुरुआत है।

### भूपेश बोले-बिना मैकेनिज्म के ये संभव नहीं

बिहार चुनाव में एनडीए की जीत पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसा है। उन्होंने कहा, गिनती पूरी नहीं हुई है। जो रिजल्ट है, उसमें और ग्राउंड रिपोर्ट में कहीं मेल नहीं है,



इसका श्रेय मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को जाता है, ऐसा करिश्मा केवल निर्वाचन आयोग कर सकता है। अमित शाह की सभाओं में भी कुर्सियां खाली थीं। साफ संकेत है कि हरियाणा, महाराष्ट्र में हुआ, वही बिहार में हुआ है। जो महाराष्ट्र का स्ट्राइक था, वही यहां भी दिख रहा है। बिना मैकेनिज्म के ये संभव नहीं है।

### ऐसा नतीजा चुनाव आयोग से गठबंधन से ही संभव

बिहार के नतीजों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, यह नतीजे चुनाव आयोग और भाजपा के गठबंधन की साजा मेहनत है। आदर्श आचार संहिता के बीच महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपए डालकर चुनाव को प्रभावित



किया गया। चुनाव आयोग मूकदर्शक बना रहा। हजारों की संख्या में स्पेशल ट्रेन चला कर दूसरे राज्यों से मतदाता ढोकर लाए गए। दूसरे राज्यों से जो मतदाता लाए गए उनको बकायदा भाजपा का गमछा पहनाकर लाया गया, चुनाव आयोग आंखे मूंदे रहा। बिहार के नतीजे जमीनी हकीकत के विपरीत है, 90-95 प्रतिशत स्ट्राईक रेट भाजपा का यूं ही नहीं आया। बिहार की जनता के लिए भी यह नतीजे हैरान करने वाले हैं।

### भाजपा नेताओं ने जताया जनता का आभार

भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रय यशवंत जैन, अखिलेश सोनी व डॉ. नवीन मार्कण्डेय ने कहा, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के मूलमंत्र के साथ विकास और विकसित भारत के वैचारिक दृष्टिकोण की जीत है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने प्रचंड जीत के लिए बिहार के मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट किया। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोकसिंह ठाकुर, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह. और अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल खान ने भी बिहार के चुनाव नतीजों को ऐतिहासिक बताते हुए बिहार की जनता को बधाई दी है। इसके साथ ही मंत्री, सांसद, विधायक, निगम मंडल आयोग के अध्यक्ष, भाजपा पदाधिकारी एवं कायकर्ताओं ने भी बिहार चुनाव में ऐतिहासिक जीत की बधाई दी।

## प्रदेश में 14 नई सिंचाई परियोजनाओं को मिली सैद्धांतिक सहमति



■ मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मंडल की 33वीं बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंत्रालय महानदी भवन में छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मंडल की 33वीं तथा वर्तमान सरकार के कार्यकाल की पहली बैठक हुई। बैठक में प्रदेश की सिंचाई क्षमता बढ़ाने, भूजल स्तर सुधारने और शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने पर विस्तृत विमर्श किया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों के लिए 14 नई परियोजनाओं को सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि और कृषि उत्पादन बढ़ाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से सिंचाई नेटवर्क का लगातार विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सिंचाई रकबा बढ़ने से न केवल किसानों को लाभ मिलेगा बल्कि भूजल स्तर में सुधार होगा और पेयजल आपूर्ति को बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### सरगुजा बस्तर में होगा सिंचाई सुविधाओं का विस्तार

बैठक में सरगुजा, बस्तर सहित मैदानी इलाकों तक सिंचाई सुविधाओं के विस्तार पर व्यापक चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने सभी परियोजनाओं की रूपरेखा, लागत और उनके लाभों की विस्तृत जानकारी ली और कहा कि प्रदेशभर में संतुलित विकास सुनिश्चित करने के लिए इन परियोजनाओं को गति प्रदान की जाएगी।

**शामिल हुए मंत्री, अधिकारी**

बैठक में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी, मुख्य सचिव विकास शील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, ऊर्जा विभाग के सचिव रोहित यादव, मुख्यमंत्री के सचिव मुकेश कुमार बंसल, जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो, प्रमुख अभियंता इंद्रजीत उइके सहित जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### एक लाख हेक्टेयर में होगी अतिरिक्त सिंचाई

गौरतलब है कि इन परियोजनाओं के माध्यम प्रदेश में लगभग 01 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी। इन परियोजनाओं में बस्तर जिले के अंतर्गत देउरगांव बैराज सह उदवहन सिंचाई परियोजना, बस्तर जिले के अंतर्गत मटनार बैराज सह उद्ववहन सिंचाई परियोजना, रायपुर जिले के विकासखण्ड आरंग में महानदी पर मोहमेला सिरपुर बैराज योजना, अहिरन से गाजरीनाला जल संवर्धन निर्माण (खारंग अहिरन लिंक परियोजना) कार्य, बिलासपुर जिले के कोटा विकासखण्ड अंतर्गत छपराटोला फीडर जलाशय परियोजना, कुम्हारी जलाशय जल क्षमता वृद्धि (जलावर्धन) योजना के अंतर्गत समोदा बैराज से कुम्हारी जलाशय तक पाईप लाईन बिछाने का कार्य, दुर्ग जिले के विकासखण्ड धमधा के सहगांव उद्ववहन सिंचाई योजना, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में लमती फीडर जलाशय एवं नहरों का निर्माण कार्य, राजनांदगांव जिले में स्थित मोहारा एनीकट में पेय जल हेतु चौकी एनीकट से मोहारा एनीकट तक पाईप लाईन के माध्यम से जल प्रदाय योजना, जशपुर जिले के मैनी नदी में बगिया बैराज सह दाबयुक्त उद्ववहन सिंचाई योजना की स्वीकृति, जांजगीर-चांपा जिले के हसदेव बांगों परियोजना अंतर्गत वृहद परियोजना ऑगमेण्टेशन के अंतर्गत परसाही दाबयुक्त उद्ववहन सिंचाई परियोजना, कोरबा जिले के अंतर्गत मड़वारानी बैराज निर्माण सह उदवहन सिंचाई योजना, गरियाबंद जिले के पैरी परियोजना के अंतर्गत सिकासार जलाशय से कोडार जलाशय लिंक नहर (पाईप लाईन) योजना तथा बिलासपुर जिले के खारंग जलाशय योजना के बाएं तट नहर के आर्वधन हेतु पाराघाट व्यपवर्तन योजना से उद्ववहन फीडर सिंचाई का निर्माण कार्य शामिल किया गया है।

## पीएम सूर्य बिजली योजना की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला पंचायत रायपुर के सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने शुक्रवार को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा की। रेडक्रॉस सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सीएसपीडीसीएल के सभी जोनों के अधिकारियों और बैंक प्रतिनिधियों से प्राप्त आवेदनों की संख्या, स्वीकृत प्रकरणों, पेंडेंसी, रिजेक्शन और घरों में सोलर पैनल इंस्टालेशन की स्थिति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। इस दौरान सीईओ ने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध रूप से योजना का लाभ मिले। उन्होंने बैंकों को प्राप्त सभी आवेदनों की शीघ्र स्वीकृति सुनिश्चित करने, आवेदकों को योजना की जानकारी देकर जागरूक करने तथा प्रोसेसिंग की गति बढ़ाने के निर्देश दिए।

## आप की 'छत्तीसगढ़ बचाबो यात्रा' आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आम आदमी पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ में एक प्रदेशस्तरीय यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसका नाम छत्तीसगढ़ बचाबो यात्रा रखा गया है। यात्रा 15 नवंबर से प्रारंभ हो रही है। शुरुआत रायपुर कलेक्ट्रेट स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर होगी। 19 नवंबर तक चलने वाली यह यात्रा रायपुर से कोंडागांव-बीजापुर-सुकमा-दंतेवाड़ा होते हुए जगदलपुर पहुंचेगी, जहां इसका समापन होगा। नए कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष उत्तम जायसवाल के नेतृत्व में यह यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा प्रदेश के सभी जिलों में लोकसभा वार होगी। पार्टी ने पूरे प्रदेश में जन जन तक पहुंचने के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार कर लिया है। कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष ने कहा है कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के जंगल को बचाना है। किसानों को बचाना है, नौजवानों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है, बच्चों को बेहतर और सस्ती शिक्षा नहीं मिल पा रही है, छत्तीसगढ़ की जनता के लिए अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था नहीं है। बिजली दर बढ़ोत्तरी से जनता परेशान है। सरकारें सिर्फ वादा कर प्रदेश की जनता को छल रही हैं उसे बदलना है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रमांक / ........ / 2024-2025
रायपुर, दिनांक 10/11/2025
ग्राम अमलीडीह प.ह.न. 69,
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सार्वजनि श्री श्री शारोदिय दुर्गा काली पूजा जन कल्याण समिति के द्वारा आदरणीय यशस्वी मुख्यमंत्री महोदय जी छत्तीसगढ़ शासन अटल नगर नवा रायपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके अनुसार ग्राम अमलीडीह प.ह.न. 69 रा.नि.मं. रायपुर 11 तहसील व जिला रायपुर स्थितः भूमि खसरा नंबर 191/1 लगभग रकबा 7000 वर्गफुट भूमि को आवेदक समिति को आबंटित किए जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 26/11/2025 को इस न्यायालय में पेश करें नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**

**गुमा**

मैं कविता ग्राम सिरसिदा पोस्ट चारामा जिला कांकेर की निवासी हूं विगत समय से अभी मैं मां कौशल्या अपार्टमेंट फ्लैट नं. 20/3 सेक्टर 1 रायपुर में रहती हूं। मेरा रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट कहीं गुम हो गई है। C.G.N.R.C. रजिस्ट्रेशन नं. XXXIV-16148 है।

जिस किसी सज्जन को मिले कृपया उक्त पते पर सूचित करें।

**कविता**
**पता-फ्लैट नं. 20/3**
**मां कौशल्या अपार्टमेंट**
**रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 7987874094**

**//शपथ पत्र//**

मैं शपथकर्ती लता पिता हेम कुमार निवासी डोलेसरा रायगढ़ छ.ग. का रहने वाली हूं जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करती हूँ कि-

1. यह कि मेरी नाम व पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य एवं सही है।
2. यह कि वर्ष 2024 में बी एस सी नर्सिंग कि परीक्षा कॉलेज ऑफ नर्सिंग अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर छ.ग. से उर्त्तिण कर लिया है।
3. यह कि अपने बी एस सी नर्सिंग का पंजीयन मेरे द्वारा करवा लिया गया है जिसका पंजीयन क्रमांक/रजिस्ट्रेशन क्रमांक एलएक्सएक्सएक्सआईव्ही-28246 है।
4. यह कि मेरा पंजीयन/रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र कही गुम हो चुका है जिसका सूचना बाबत् महोदय के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।

**सत्यापन**

मै शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूँ कि शपथ पत्र कि कण्डिका 01 से 04 कि बाते सत्य व सही है अपना हस्ताक्षर कर दिया जा रहा है।

**शपथकर्ती**
**लता**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर 09, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 13.11.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जोरा प.ह.नं. 66 रा.नि.मं.-09 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदिका श्रीमती रजनी आर्य पति अशोक आर्य निवासी सेक्टर-02, भिलाई दुर्ग द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 10/636 रकबा 0.0660 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदन माननीय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के न्यायालयीन आदेश दिनांक 29.09.2025 के परिपालन में आवेदित की भूमि के सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षक मेरे द्वारा दिनांक 18.11.2025 को 03:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त खसरा नंबर के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों, व्यक्ति, संस्था तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि आप नियत दिनांक के पूर्व पटवारी कार्यालय में अथवा ऊपर उल्लेखित दिनांक को आवेदित स्थल में अपनी भूमि के दस्तावेज सहित उपस्थित होवें और दस्तावेज के अनुरूप दावा-आपत्ति समक्ष प्रस्तुत करें। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा। सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक,**
**रायपुर - 09**

# राजधानी रायपुर में भाजपा का 8 किमी लंबा सरदार @150 यूनिटी मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राजधानी रायपुर में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी 8 किलोमीटर लंबी सरदार @150 यूनिटी मार्च, पदयात्रा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के नेतृत्व में निकाली गई। पदयात्रा में जिले के मंत्री और विधायक निगम मंडल आयोग के अध्यक्ष भोजपुरी सैनिक इतिहासकार साहित्यकार पद्मश्री सम्मान से सम्मानित अतिथि एनसीसी एनएसएस रेड क्रॉस के कैडेट और स्कूली छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दानी स्कूल में हुई, जहां सरदार वल्लभभाई पटेल के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा, गुरु खुशवंत साहेब, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोती लाल साहू, अनुज शर्मा, इंद्र कुमार साहू, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल के नेतृत्व पदयात्रा आगे बढ़ी। पदयात्रा



दानी स्कूल से कालीबाड़ी चौक, कोतवाली चौक, सदर बाजार, आजाद चौक, तत्यापारा चौक, रामसागर पारा, राठौर चौक, गुरु नानक चौक, देशबंधु संघ, स्टेशन चौक, फाफाडीह चौक, पीली बिल्डिंग होते हुए सरदार पटेल चौक, फाफाडीह तक पहुंची। मार्ग में जगह-जगह स्थानीय नागरिकों, विभिन्न समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया। पदयात्रा के समापन पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सरदार पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर 09, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 13.11.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जोरा प.ह.नं. 66 रा.नि.मं.-09 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदिका श्रीमती विनिता छाबडा पति सतवीर सिंग, प्रभजीत कौर पति अरविंद सिंग निवासी नई दिल्ली द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 10/389 रकबा 0.0772 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदन माननीय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के न्यायालयीन आदेश दिनांक 29.09.2025 के परिपालन में आवेदित की भूमि के सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षक मेरे द्वारा दिनांक 18.11.2025 को 03:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त खसरा नंबर के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों, व्यक्ति, संस्था तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि आप नियत दिनांक के पूर्व पटवारी कार्यालय में अथवा ऊपर उल्लेखित दिनांक को आवेदित स्थल में अपनी भूमि के दस्तावेज सहित उपस्थित होवें और दस्तावेज के अनुरूप दावा-आपत्ति समक्ष प्रस्तुत करें। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा। सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक,**
**रायपुर - 09**

न्यायालय अपर कलेक्टर (रा.) रायपुर (छ.ग.)

**-: ईश्तहार :-**

**रा.मा.क्रं. ब/121 वर्ष 2025-26**
**रायपुर दिनॉक 13/11/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनील कुमार पिता जोरावमल डागा निवासी सदर बाजार रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम नवागांव प.ह.नं. 15 तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 132/1 रकबा 2.1100 हे. में से 0.743 हे को विक्रय करना चाहता है उक्त भूमि नया रायपुर डेव्हलपमेंट अथॉरिटी क्षेत्र में आने के कारण विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन के संबंध में नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका की प्रति प्रस्तुत की गई है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ अभिभाषक या संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि दिनॉक 04/12/2025 तक न्यायालय अपर कलेक्टर कक्ष क्र. 12 में दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा । आज दिनांक 13/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 13/11/2025
स्थान :- रायपुर

मुहर
**अपर कलेक्टर**
**रायपुर**

न्यायालय अपर कलेक्टर (रा.) रायपुर (छ.ग.)

**-: ईश्तहार :-**

**रा.मा.क्रं. ब/121 वर्ष 2025-26**
**रायपुर दिनॉक 13/11/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शशि डागा पति स्व. सुनील कुमार डागा निवासी सदर बाजार रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम नवागांव पह.नं. 15 तहसील मंदिरहसौद जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 131/1, 132/2 रकबा में से 0.690 हे. को विक्रय करना चाहता है उक्त भूमि नया रायपुर डेव्हलपमेंट अथॉरिटी क्षेत्र में आने के कारण विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन के संबंध में नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका की प्रति प्रस्तुत की गई है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ अभिभाषक या संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि दिनॉक 04/12/2025 तक न्यायालय अपर कलेक्टर कक्ष क्र. 12 में दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा । आज दिनांक 13/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया ।

जारी दिनांक 13/11/2025
स्थान :- रायपुर

मुहर
**अपर कलेक्टर**
**रायपुर**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि मेरे पक्षकार घासीराम साहू पिता स्व. टीकाराम साहू, निवासी- 353, नेहरू चौक, सांस्कृतिक भवन के सामने, मठपारा, रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता श्रीमती प्रेमलता ठाकुर पति श्री प्रीतम सिंह ठाकुर, निवासी- म.नं. 510, भाठागांव, रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व आधिपत्य हक की खुली भूमि, जो कि, मठपुरैना, प.ह.नं. 105/61, रा.नि.म. रायपुर-एक, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि, जिसका परिवर्तित खसरा नं. 103/11 का भाग, रकबा 22x51=1122 वर्गफुट भूमि है। जिसे मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा तय कर टोकन ब्याना के माध्यम से राशि अदा कर दिया गया है मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त क्रय-विक्रय के संव्यवहार के संबंध में किसी प्रकार किया गया इकरारनामा/ संव्यवहार अवैध व शून्य मानी जावेगी तथा उपरोक्त हेतु किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय, नगर-निगम, वित्तीय संस्था, दोस्त, रिश्तेदार को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के सात दिवस (07 दिन) के भीतर हमारे नीचे लिखे कार्यालय के पते पर मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियाद अवधि गुजरने के पश्चात की गई आपत्ति अवैध एवं शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार के द्वारा इकरारशुदा संपत्ति का पंजीयन एवं नामांतरण करने हेतु स्वतंत्र रहेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगा। सो सूचना जाने।

स्थान :- रायपुर (छ.ग.) दिनांक :- 14.11.2025

**उमाशंकर महिलाने अधिवक्ता**
**पता- सिविल कोर्ट,**
**रूम नं. 106, रायपुर (छ.ग.)**
**77719 32637**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.मा.क्र. / 202511110800024 / अ-6 / 2025-26
रायपुर, दिनांक 12/11/2025
ग्राम- लाभंडी, प.ह.नं. 65 तहसील रायपुर,
जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक सिद्धार्थ सिंह परिहार पिता श्री संजीव सिंह परिहार निवासी म.नं. ए-60, स्टील सिटी, न्यू गायत्री नगर, वार्ड नंबर-28 रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम लाभांडी, प.ह.नं. 65, तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि भूखण्ड क्रमांक 36, 37, 38, खसरा नंबर 15019/1 का भाग, रकबा 1107.20+ 1107.20+ 1107.20= 3321.60 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा विक्रेता परमेश्वर कॉमोसेल्स प्रायव्हेट लिमिटेड द्वारा डायरेक्टर हर्षित अग्रवाल पिता अनूप अग्रवाल निवासी बी-3, श्याम प्लाजा के पीछे, रवि नगर रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 22/03/2024 के माध्यम से क्रय किया गया है। वर्तमान में उक्त भूमि विक्रेता परमेश्वर कॉमोसेल्स प्रायव्हेट लिमिटेड द्वारा डायरेक्टर हर्षित अग्रवाल पिता अनूप अग्रवाल के नाम पर दर्ज है। अतः उपरोक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक द्वारा अपने नाम पर नामांतरण किये जाने निवेदन किया है।

अतः आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 20/11/2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**अतिरिक्त तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**

हरिभूमि
# रायपुर भूमि



20 नवंबर तक चलेंगे साक्षात्कार, परिणाम इसी दिन देर रात तक संभव

*पीएससी घोटाले के बाद बदली व्यवस्था, कैंडिडेट्स को दिए जा रहे हैं कोड नंबर*

# पहली बार 'फेसलेस इंटरव्यू', पैनल को नहीं पता किसका साक्षात्कार ले रहे, उम्मीदवारों को भी निजी जानकारी देना मना

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर



हरिभूमि एक्सक्लूसिव

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग इस बार फेसलेस इंटरव्यू ले रहा है। अर्थात इंटरव्यू ले रहे पैनल को यह नहीं पता है कि वे जिनका इंटरव्यू ले रहे हैं, वह कैंडिडेट कौन है? यही नहीं कैंडिडेट्स को भी साक्षात्कार के दौरान स्वयं से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी देना मना है। इसके पूर्व तक इंटरव्यू के दौरान जब परीक्षार्थियों से उनके बारे में पूछा जाता था, तो वे अपनी पारिवारिक पृष्ठभूमि का ही जिक्र करते थे। अब वे केवल अपनी शैक्षणिक योग्यता और हॉबी सहित उन चीजों का ही जिक्र कर सकते हैं, जिससे उनकी पहचान किसी भी रूप में उजागर ना हो सके। वहीं साक्षात्कार लेने वाले पैनल सदस्यों को भी कैंडिडेट्स के व्यक्तिगत जीवन से जुड़े सवाल पूछने की मनाही है। यह नई व्यवस्था पीएससी घोटाला 2023 के बाद की गई है। तत्कालीन पीएससी अध्यक्ष टॉमन सिंह सोनवानी, परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक सहित कई अधिकारियों पर अपने करीबियों को सेटिंग कर साक्षात्कार में अच्छे अंक प्रदान करवाने और पहुंच का इस्तेमाल करते हुए पद प्रदान करने के आरोप लगे हैं। मामले की सीबीआई जांच जारी है। इस घोटाले के बाद से ही राज्य लोक सेवा आयोग अपनी परीक्षाओं में अतिरिक्त सावधानी बरतते हुए पारदर्शिता बनाए रखने की कोशिश कर रहा है।

### केवल हॉबी और योग्यता पर बात

*अभ्यर्थियों से केवल हॉबी और उनकी शैक्षणिक योग्यता से जुड़े सवाल ही पूछे जा रहे हैं। उन्हें किसी सवाल के जवाब में खुद से जुड़ी किसी बात का उल्लेख नहीं करना है।*

*- अंकित अग्रवाल, पीएससी विशेषज्ञ*

### 643 का हुआ है चयन

*नवंबर 2024 में पीएससी ने 246 पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया था। 17 विभागों के अंतर्गत रिक्त विभिन्न पदों पर इसके माध्यम से भर्ती होगी। इसमें डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सहित कई पद शामिल हैं। फरवरी में प्रारंभिक परीक्षा के बाद 26 से 29 जून तक मुख्य परीक्षा आयोजित की गई। मुख्य लिखित परीक्षा के परिणाम 31 अक्टूबर को जारी किए गए। पद से तीन गुना अधिक परीक्षार्थियों का चयन साक्षात्कार के लिए किए जाने का प्रावधान है। अर्ह उम्मीदवारों की उपलब्धता के आधार पर 643 का चयन साक्षात्कार के लिए किया गया। 10 नवंबर से प्रारंभ हुआ साक्षात्कार 20 नवंबर तक चलेगा। इंटरव्यू के अंतिम दिन 20 अक्टूबर को ही परिणाम घोषित होने की उम्मीद है।*

### इसे ऐसे समझें

*इंटरव्यू राउंड में पहुंचने वाले कैंडिडेट्स का साक्षात्कार लेने के लिए पैनल निर्मित हैं। कौन सा पैनल किस परीक्षार्थी का इंटरव्यू लेगा, इसका चयन पूर्व से नहीं किया गया है। इंटरव्यू दिलाने पहुंच रहे कैंडिडेट्स को कुछ पर्चियां दी जा रही हैं। इनमें से वे जो पर्ची उठा रहे हैं, उस पर्ची में जिस पैनल का जिक्र होता है वो पैनल ही उक्त कैंडिडेट का इंटरव्यू लेगा। साक्षात्कार लेने वालों को उक्त कैंडिडेट की किसी भी तरह की व्यक्तिगत जानकारी नहीं दी जाएगी। उन्हें कैंडिडेट्स का नाम भी नहीं बताया जा रहा है। नाम की जगह परीक्षार्थियों को कोड नंबर दिए गए हैं। इन कोड नंबर के आगे ही साक्षात्कारकर्ता को अंक लिखने होंगे। इसे फेसलेस इंटरव्यू का नाम दिया गया है।*

## खबर संक्षेप

### दवाखाने में बैग से 50 हजार रुपए पार

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में एक दवाखाने के डॉक्टर ने अज्ञात चोर के खिलाफ बैग से नकदी 50 हजार रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डॉ. उदय रात्रे ने चोरी की शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि उसका विवेकानंद आश्रम के पास दवाखाना है। पिछले महीने 16 अक्टूबर को वह रुपए से भरा बैग लेकर दवाखाना गया था। इस दौरान अज्ञात चोर बैग से नकदी चोरी कर ले गया।

### महिला के पर्स से मंगलसूत्र चोरी

**रायपुर।** उरला थाने में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ पर्स से 70 हजार रुपए कीमत का मंगलसूत्र चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। नेहा लहरे ने चोरी की शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि उसके घर में मेहमान मिलने आए थे। मेहमानों के जाने के बाद नेहा ने पहनने के मंगलसूत्र निकालने पर्स खोली तो पर्स से मंगलसूत्र गायब मिला।

### गाली-गलौज करने से रोकने पर मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक ऑटो चालक ने एक अन्य युवक के खिलाफ गाली-गलौज करने से मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मठपुरैना निवासी शुभम गौतम ने मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। शुभम ने पुलिस को बताया है कि गुरुवार को वह अपने घर के पास बैठा था। शुभम के मोहल्ले में रहने वाला विक्की देवदास शुभम को गाली देने लगा। गाली-गलौज का विरोध करने पर विक्की ने शुभम के साथ मारपीट की।

### ड्यूटी पर सोने का लगाया आरोप, फिटर से मारपीट

**रायपुर।** धरसींवा थाने में एक कंपनी में फिटर के काम करने वाले कारीगर ने कंपनी के फोरमैन तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गुढ़ियारी, गोगांव निवासी नवधाराम रात्रे ने मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। नवधा ने पुलिस को बताया कि वह एपीआई कंपनी में फिटर का काम करता है। चार दिन पूर्व 11 नवंबर को वह ड्यूटी पर तैनात था, इस दौरान कंपनी के फोरमैन कपिल चौधरी ने उस पर सोने का आरोप लगाते हुए थप्पड़ जड़ दिया। विरोध करने पर कपिल ने अपने साथी रंजीत कुशवाहा तथा भुनेश्वर बाघ के साथ मिलकर नवधाराम के साथ मारपीट की।

### सेल्समैन के घर धावा दो लाख की चोरी

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक सेल्समैन ने अज्ञात चोर के खिलाफ नकदी 10 हजार रुपए सहित दो लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रायपुरा, गणेश नगर निवासी धीरज देवांगन ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। धीरज ने पुलिस को बताया कि वह 11 अक्टूबर को परिवार सहित पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने धमतरी गया था। गुरुवार को वापस लौटने पर धीरज ने देखा कि अज्ञात चोर उसके घर के मेन गेट का ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखी नकदी तथा जेवर चोरी कर ले गया है।

## भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वीरेंद्र को कोर्ट में पेश किया गया

# कोर्ट रूम के बाहर लगे वीरेंद्र तोमर के नारे 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

सूदखोरी तथा आर्म्स एक्ट के आरोप में गिरफ्तार वीरेंद्र तोमर की पुलिस रिमांड खत्म होने पर पुलिस ने शुक्रवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया। वीरेंद्र को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कोर्ट में पेश किया गया। डेढ़ दर्जन के करीब लोग वीरेंद्र के समर्थन में कोर्ट परिसर पहुंचे। वीरेंद्र को जब कोर्ट ले जाया जा रहा था, उसके समर्थन कोर्ट रूम के बाहर वीरेंद्र तोमर जिंदाबाद के नारे लगाते दिखे। वीरेंद्र तोमर को कोर्ट में पेश करने ले जाया जा रहा था, तब उसने चिल्लाते हुए कहा कि वह कोई अपराधी नहीं है। कोर्ट में पेश करने के बाद वीरेंद्र को जेल दाखिल करने ले जाया जा रहा था, ▶▶|शेष पेज 6 पर



**अगले महीने महापंचायत का आयोजन :** वीरेंद्र की गिरफ्तारी को लेकर डॉ. शेखावत ने चेतावनी देते हुए कहा है कि क्षत्रिय समाज के लाखों लोग बहुत जल्द रायपुर कूच करेंगे। हम उन पुलिस वालों के घर में भी घुसेंगे जो तोमर के घर के अंदर घुसे थे। इसके अलावा शेखावत ने इस कार्रवाई का मुंहतोड़ जवाब देने की बात कही है। राज शेखावत ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है कि छत्तीसगढ़ में 7 दिसंबर को क्षत्रिय स्वाभिमान न्याय महापंचायत की जाएगी। वहीं 3 महीने पहले राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने रायपुर में कहा था कि हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र सिंह तोमर का करणी सेना से कोई संबंध नहीं है। राज शेखावत ने रोहित तोमर का बचाव करते हुए कहा कि रोहित को वीरेंद्र ने बेटे की तरह पाला है, वीरेंद्र अपने भाई के बचाव में आया, तो पुलिस ने वीरेंद्र को ही आरोपी बना दिया।

### पूछताछ में नहीं किया सहयोग

*पांच दिन की पुलिस रिमांड में लेने के बाद एक नहीं, एसएसपी सहित एडिशनल एसपी, सीएसपी रैंक के अफसरों के साथ कई थानों की पुलिस ने वीरेंद्र तोमर से अलग-अलग पूछताछ की। पूछताछ के दौरान वीरेंद्र ने पुलिस को किसी तरह से कोई सहयोग नहीं किया। उसने अर्जित संपत्ति को अपनी मेहनत की कमाई से हासिल करना बताया। संपत्ति का ब्योरा मांगे जाने पर वीरेंद्र संपत्ति का ब्योरा नहीं दे पाया। उसने अपने सीए के माध्यम से हर वर्ष संपत्ति का आयकर विभाग में ऑडिट कराने की बात पुलिस से कही।*

### फरारी के दौरान करणी सेना के संपर्क में

*पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक फरारी के दौरान वीरेंद्र तोमर करणी सेना से जुड़े लोगों के संपर्क में रहा है। दिल्ली राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना का सहयोग नहीं मिलने की वजह से करणी सेना के अन्य घटक के नेताओं से संपर्क कर अपने लिए समर्थन जुटाया। इस कारण से क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत खुलकर वीरेंद्र तोमर के समर्थन में सामने आया।*

## जांच के लिए भेजे गए नेत्र शिविर में उपयोग हुई दवा के सैंपल, चोट लगने से गई थी महिला की आंख की रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नेत्र शिविर में ऑपरेशन के बाद रोशनी जाने के मामले की जांच करने वाली टीम ने वहां उपयोग की गई दवाओं के सैंपल जांच के लिए भेजा है। जांच के दौरान ओटी में संक्रमण नहीं मिला है, मगर सर्जरी के दौरान लापरवाही से इनकार नहीं किया जा रहा है। जांच में यह भी पता चला है कि रोशनी गंवाने वाली महिला सर्जरी के बाद चोटिल हुई थी। आंबेडकर अस्पताल में दान में मिला कार्निया उसे ▶▶|शेष पेज 6 पर

■ ओटी में संक्रमण नहीं, सर्जरी के दौरान लापरवाही की आशंका से भी इंकार नहीं

### फालोअप में पता चला था

शिविर के बाद नेत्र सहायक दूसरी बार मरीजों का फालोअप लेने जब उनके घर तक पहुंचे थे, तब आंखों में इंफेक्शन का पता चला था। उस दौरान दो मरीजों ने सूजन के साथ आंखों में दर्द की शिकायत की थी। इसके बाद शिविर में आंखों से मोतियाबिंद हटाने का लाभ लेने वाले सभी 14 लोगों को बीजापुर अस्पताल बुलाया गया। जांच के दौरान 9 लोगों ने आंखों के मामले में विभिन्न तरह की शिकायत की। दो की आंखों में गंभीर संक्रमण था और अन्य की समस्या भी बढ़ने की आशंका थी, जिसके आधार पर उन्हें आंबेडकर अस्पताल रेफर किया गया था।

### रिपोर्ट सौंपी जाएगी

जांच के दौरान विभिन्न पहलुओं का बारीकी से अध्ययन किया गया है। इस आधार पर रिपोर्ट तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपी जाएगी।

- **डॉ. निधि अत्रीवाल,** राज्य नोडल अफसर अंधत्व निवारण कार्यक्रम

# नए नियम से रुकेगी पीजी सीटों की बंदरबाट 50 फीसदी सीटें ही एनआरआई कोटे से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ निजी मेडिकल कालेजों में एमडी-एमएस की कुल 186 सीटें, 15 फीसदी एनआरआई कोटे की

खास खबर

निजी मेडिकल कालेज एमडी-एमएस की किसी भी विषय की पचास फीसदी से ज्यादा सीटों का आवंटन एनआरआई कोटे से नहीं कर पाएंगे। चिकित्सा शिक्षा विभाग के इस नए नियम से डिमांड वाले विषयों की सीटों की बंदरबाट रुकेगी। पूर्व में रेडियोलॉजी, आर्थो, सर्जरी, मेडिसिन, पीडियाट्रिक जैसे विभागों की ज्यादातर सीटों को अप्रवासी भारतीय नियतांश से आवंटित कर करोड़ों का खेल करते थे। राज्य में अभी तीन निजी मेडिकल कालेज में पीजी की कुल 186 सीटें हैं। इनमें से 15 प्रतिशत यानी 28 सीटें एनआरआई कोटे से आवंटित की जाएंगी। इस कोटे की सीट का शुल्क एक करोड़ के लगभग होता है और जिन विषयों की मांग ज्यादा होती है, ऐसी सीटों के लिए ढाई से तीन करोड़ तक वसूले जाते हैं। पूर्व में निजी मेडिकल कालेजों द्वारा डिमांड वाली सीटों का आवंटन एनआरआई कोटे से कर ज्यादा मुनाफा कमाते थे। इसकी वजह से कई स्थानीय एमबीबीएस डाक्टरों को योग्य होने के बाद भी अपनी मनपसंद सीटों से वंचित होना पड़ता था। इस बार चिकित्सा शिक्षा विभाग ने नए नियम में किसी भी विषय की आधी यानी पचास फीसदी सीटों का आवंटन अप्रवासी ▶▶|शेष पेज 6 पर

### खाली ईडब्लूएस सीट सामान्य वर्ग

नए नियम के मुताबिक ईडब्लूएस कोटे की सीट अगर मॉपअप राउंड तक खाली रह जाती है, तो सामान्य वर्ग के कोटे में तब्दील कर दी जाएगी। पूर्व में यह सिस्टम नहीं होने की वजह से सीटें खाली रह जाती थीं, जिसका नुकसान चिकित्सा की उच्च शिक्षा ग्रहण करने वालों को होता था। इसी तरह यूजी एडमिशन की तरह पीजी प्रवेश में भी अभ्यर्थियों को प्रत्येक चरण में पंजीयन का मौका दिया गया है। इसका फायदा किसी भी राउंड में छूटे उम्मीदवारों को नया अवसर मिलेगा। साथ ही ऑल इंडिया काउंसिलिंग की तर्ज पर विद्यार्थियों को अपग्रेडेशन का विकल्प चुनने की अनुमति रहेगी।

### एमडी-एमएस की 563 सीट

राज्य के शासकीय और निजी मेडिकल कालेजों में इस बार एमडीएमएस की कुल 563 सीटें है। इनमें 377 सीटें तो शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों से संबंधित है। पिछले दिनों एनएमसी द्वारा बिलासपुर, नांदगांव, जगदलपुर, रायगढ़, कोरबा में 61 नई सीटों पर प्रवेश की अनुमति दी थी। पीजी प्रवेश करने वालो छात्रों द्वारा सामान्य वर्ग के 50 एवं आरक्षित वर्ग के 40 लाख के बांड राशि के नियम को शिथिल करने की मांग की जा रही थी। विभागीय स्तर पर तकनीकी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए इसमें किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है।

### बड़ा कदम

पीजी प्रवेश के नियमों में संशोधन में स्थानीय छात्रों को प्राथमिकता दी गई है। यह सुधार छत्तीसगढ़ के मेडिकल विद्यार्थियों के अधिकारों और अवसरों की रक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम है।

- डॉ. रेशम सिंह, अध्यक्ष, जूनियर डाक्टर एसोसिएशन






05

शिक्षित दिव्यांग युवाओं की प्राइवेट फील्ड ....

## लाइव इवेंट

### विद्यार्थी जीवन में शारीरिक और मानसिक दबाव पर व्याख्यान सत्र



**रायपुर।** शहर स्थित प्रगति कॉलेज के शिक्षा विभाग के तत्वावधान में 'थिएटर फॉर एजुकेशन' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थी जीवन में शारीरिक, मानसिक, कला एवं मीडिया' के दबाव को समझने का प्रयास किया गया, साथ ही इन समस्याओं से बाहर निकलने के लिए छात्रों को प्रेरित भी किया गया। सेमिनार की शुरुआत इंटरेक्टिव थिएटर प्रदर्शन से हुई, जिसमें मीडिया द्वारा शरीर की छवि पर पड़ने वाले प्रभाव और उसके मानसिक स्वास्थ्य पर असर को दर्शाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता अंतर्राष्ट्रीय थिएटर कलाकार ज्योति डोगरा, लोकगायिका गरिमा दिवाकर एवं कलाकार मयंक उपस्थित रहे।

#### सामाजिक व डिजिटल दबाव से निपटने की सलाह

वक्ता ज्योति डोगरा ने मनमोहक हाव-भाव और सशक्त अभिव्यक्ति के साथ नाटक प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि कैसे महिलाओं को समाज के तय मानदंडों के अनुसार अपनी सुंदरता की परिभाषा बदलनी पड़ती है, जैसे बढ़ते वजन या पहनावे को लेकर उत्पन्न असमंजस। साथ ही सामाजिक एवं डिजिटल दबावों से कैसे निपटा जाए, आत्मजागरूकता क्यों आवश्यक है और मानसिक दृढ़ता कैसे विकसित की जा सकती है। इन खास विषयों पर भी चर्चा की गई। प्राचार्य डॉ. सौम्या नैयर ने नाटक की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बालिकाओं में आत्मसम्मान, आत्मप्रेम और मीडिया दबावों को समझने एवं संभालने की क्षमता विकसित करने में अत्यंत सहायक होते हैं।

## सिटी इवेंट

### स्कूलों में छात्र नवोदय परीक्षा की तैयारी में जुटे मानसिक योग्यता और गणित पर विशेष ध्यान



**रायपुर।** नवोदय विद्यालय समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष कक्षा 6वीं और 9वीं में छात्रों का दाखिला उनकी योग्यता के आधार पर किया जाता है। ऐसे में लगभग जनवरी माह 2026 में नवोदय परीक्षा होना तय किया गया है, जिसकी तैयारी में कुछ दिन शेष हैं। समय नजदीक आते ही शासकीय स्कूलों में खास कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, जहां प्रतियोगी परीक्षा से संबंधित गणित, मानसिक योग्यता, हिंदी और अंग्रेजी विषयों में बेहतर परिणाम के लिए शिक्षक अभ्यास करा रहे हैं। जहां छात्रों को परीक्षा योग्य बनाने के लिए रोजाना प्रश्नपत्र भी हल कराया जा रहा है।

#### जानें परीक्षा का स्वरूप..

प्रदेशभर में आयोजित नवोदय परीक्षा का ब्लूप्रिंट राष्ट्रीय स्तर के अनुसार तैयार किया जाएगा, इसमें मानसिक योग्यता परीक्षण (40), अंक गणित परिक्षण (20) और भाषा हिंदी-अंग्रेजी (20) विषय के लिए निश्चित अंक जारी किए गए हैं। इसके आधार पर छात्रों की तैयारी जारी है। नवोदय परीक्षा संबंधित जानकारी के लिए **http://navo-daya.gov.in/** वेबसाइट पर जानकारी दी गई है।

#### स्कूल में मानसिक योग्यता परीक्षण संबंधित प्रश्नों पर जोर

लालपुर स्थित स्वामी आत्मनंद इंग्लिश मीडियम स्कूल से शिक्षक संतोष साहू ने बताया कि प्रतिदिन स्कूल में छात्रों को नवोदय परीक्षा के लिए तैयारी कराई जा रही हे। इसके लिए विशेष तौर पर मानसिक योग्यता परीक्षण और गणित विषय पर खास ध्यान दिया जा रहा। इसमें दृश्य और आरेख पैटर्न, एनॉलिटिकल रीजनिंग, कोडिंग-डिकोडिंग, मैट्रिक्स और ग्रिड्स, सीक्वेंस और सीरीज, दिशा और स्थान संबंधी प्रश्न, पैटर्न तथा वर्गीकरण के प्रश्नों की तैयारी कराई जा रही है।

#### परीक्षा का ब्लूप्रिंट

- कुल प्रश्नः 80
- कुल अंकः 200
- समयः 2 घंटे

#### प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए शिक्षकों का सहयोग

*अम्लेश्वर स्थित स्वामी आत्मनंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की शिक्षिका हिना सलूजा ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षा के लिए स्कूल में चार प्रशिक्षक नियुक्त किए गए हैं, जो छात्रों को चार विषयों का अभ्यास करा रहे हैं। ऐसे में गणित विषय में एडिशन, सब्ट्रेक्शन, मल्टीप्लिकेशन, डिवीजन, पैटर्न, सीरीज और लॉजिकल रीजनिंग से जुड़े बेसिक सवाल तैयार कराया जा रहा है। वहीं हिंदी में शब्दावली, पर्यायवाची, विलोम शब्द, संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, विशेषण और अपठित गद्यांश का अभ्यास जारी है। अंग्रेजी में पर्यायवाची शब्द, वन-वर्ड सबस्टिट्यूशन, टेंस, आर्टिकल, प्रोनाउन और प्रिपोजिशन की तैयारी कराई जा रही है।*

## प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर आयोजन

# स्कूलों में मची बाल दिवस की धूम, बच्चों ने सांस्कृतिक गीत-नृत्य, विज्ञान प्रदर्शनी और मेले को किया एंजॉय

*रायपुर। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर शहर के स्कूलों में बाल दिवस की धूम रही। स्कूली बच्चों व शिक्षकों ने उत्साह के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर बाल दिवस को खास बनाया। शासकीय प्राथमिक स्कूलों में जहां एफएलएन मेला बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता का उत्सव 'करके देखबो सीख के रहिबो का आयोजन किया गया। वहीं निजी स्कूलों में किड्स कार्निवाल, वार्षिक कल्चरल नाइट्स, आनंद मेला, खेल प्रतियोगिता जैसी रचनात्मक गतिविधियों में बच्चों की प्रतिभा को निखारने व उनके चेहरे में खुशियां बिखरने का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों ने विविध गतिविधियों में उत्साह के साथ भाग लेते हुए बाल दिवस को खूब एंजॉय किया। बाल दिवस पर शहर के अनेक स्कूलों व आंगनबाड़ियों में उत्सव के दृश्य कुछ इस प्रकार हैं।*




### होलीक्रॉस स्कूल बैरन बाजार

बाल दिवस के उपलक्ष में होली क्रॉस स्कूल बैरन बाजार में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम कल्चरल नाइट्स रिदम ऑफ ऐरा का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शानदार छटा बिखेरी। पारंपरिक थीम बेस्ड वेशभूषा व गीतों से दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों ने प्रत्येक प्रस्तुति में ताल, लय, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का अद्भुत समन्वय दिखाई दिया। प्री-प्राइमरी शिक्षिकाओं ने बच्चों को तैयार करने में अपनी पूरी मेहनत, लगन और सृजनशीलता का परिचय दिया, जिससे कार्यक्रम और भी खास बना। रंगबिरंगे परिधानों में सजे नन्हे-मुन्नों की मुस्कान और उत्साह से स्कूल का पूरा वातावरण को आनंदमय कर दिया। दर्शकों ने जोरदार तालियों से बच्चों का हौसला बढ़ाया और कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. दिनेश मिश्रा व बिपिन किशोर मिंज उपस्थित रहे।

### इंटैक का भित्तिचित्र कला पर एक दिवसीय कार्यशाला



स्कूली विद्यार्थियों के लिए छत्तीसगढ़ के लुप्तप्राय क्रॉफ्ट भित्तिचित्र कला विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। यह आयोजन शुक्रवार को भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटैक) रायपुर अध्याय के तत्वाधान में गुरुकुल महाविद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के करीब 40 विद्यार्थियों ने वर्कशॉप में भाग लिया। लुप्तप्राय छत्तीसगढ़ के भित्तिचित्र कला (क्रॉफ्ट) में स्कूली विद्यार्थियों ने अपने बेहतर क्रॉफ्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके लिए विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विजेताओं में प्रथम पुरस्कार युवराज साहू कक्षा 9वीं, जेएन पाण्डेय स्कूल, द्वितीय पुरस्कार (संयुक्त) वृंदा कुम्भकार कक्षा 9वीं व सिया सोनी कक्षा 8वीं लक्ष्मीनारायण कन्या स्कूल रहे। वहीं तृतीय पुरस्कार भूमि पटेल कक्षा 8वी दानी स्कूल से रही।

### ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल में किड्स कार्निवल



ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर किड्स कार्निवल का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इसमें नर्सरी से कक्षा-5 तक के छात्रों ने विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में भाग लिया। कार्निवल में बच्चों ने मजेदार खेल खेले, ट्रैम्पोलिन पर उछलकूद करते हुए खूब आनंद लिया। वहीं शिक्षकों द्वारा सुनाई गई रोचक कहानियों ने बच्चे को गुदगुदाया। इस दौरान बच्चों के लिए छोटी फिल्म देखकर मनोरंजन किया और अपने हाथों पर बनाए गए कार्टून कैरेक्टर टैटू से वे बेहद उत्साहित नजर आए। स्कूल परिसर में बच्चों के खिलखिलाते चेहरे और खुशियों भरी मुस्कान से उत्सव का माहौल रहा। ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित इस किड्स कार्निवल ने बच्चों के लिए एक यादगार और आनंदमयी बाल दिवस उत्सव प्रस्तुत किया। विद्यालय की प्राचार्या जयश्री नायर ने कहा कि इन बच्चों की मुस्कान और इनके सपने ही इस देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने बच्चों से कहा, खूब खेलिए, खूब पढ़िए और हमेशा ईमानदार, जिज्ञासु और दयालु बनिए।

### प्राथमिक शाला बूढ़ापारा में एफएलएन मेला



शुक्रवार को बाल दिवस पर शासकीय प्राथमिक शाला बूढ़ापारा में एफएलएन मेला बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता का उत्सव 'करके देखबो सीख के रहिबो का आयोजन किया गया। मेले में कक्षा चौथी व पांचवी के बच्चों द्वारा शिक्षकों के सहयोग से 20 स्टॉल का निर्माण किया गया। इनमें 8 हिन्दी, 6 गणित तथा 6 अंग्रेजी के स्टॉल शामिल रहे। स्टॉलों में कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों की समझ के स्तर के अनुरूप सामग्री रखी गई। बच्चों ने अपनी पसंद के स्टॉल में जाकर स्वयं गतिविधि करके समझने का प्रयास किया। चौथी और पांचवी के बच्चों ने छोटे बच्चों की अवधारणा स्पष्ट करने में सहयोग किया। इस मौके पर बूढ़ापारा संकुल केंद्र समन्वयक शिरोमणि चंद्राकर, प्राथमिक शाला की प्राचार्य अनुपमा श्रीवास्तव सहित बच्चे उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ नेटवर्क ऑफ पीपुल लिविंग विथ एचआईवी



शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज रायपुर के ऑडिटोरियम में सीजीएनपी प्लस (छत्तीसगढ़ नेटवर्क ऑफ पीपुल लिविंग विथ एचआईवी) एवं डॉ. आंबेडकर हॉस्पिटल के शिशुरोग विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से एचआईवी संक्रमित बच्चों के साथ बाल दिवस का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकम में मेडिकल कॉलेज रायपुर के डीन डॉ. विवेक चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। आयोजन में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. चौधरी ने बच्चों और उनके माता-पिता से आत्मीय बातचीत की। कार्यक्रम में 82 बच्चों ने हिस्सा लिया, जिसमें उनका स्वास्थ्य परिक्षण शिशु विभाग के द्वारा किया गया एवं बच्चों ने तरह तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी और आनंद मेला लिया लुफ्त



बाल दिवस पर श्री वामनराव लाखे विद्यालय व एसपी इंग्लिश मीडियम स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी व आनंद मेला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सभी विद्यार्थी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विज्ञान प्रदर्शनी में विभिन्न छात्रों ने अलग-अलग थीम पर मॉडल प्रस्तुत किए। वहीं विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन का स्टॉल भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता प्रकाश अवस्थी व गुरुजी अजय तिवारी सहित स्कूल के शिक्षक व बच्चे उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी के बच्चों के चेहरे पर छाई खुशी



चरामेति बाल सेवा के अंतर्गत चरामेति फाउंडेशन द्वारा बाल दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन भाठागांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक- 6 में किया गया। आयोजन में आंगनबाड़ी के बच्चों को ड्राइंग बुक एवं कलर पेन प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त बच्चों के बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए हिन्दी, अंग्रेजी वर्णमाला, पशु-पक्षी, गणना आदि के चार्ट एवं सांप सीढी, लूडो जैसी खेल सामग्री आंगनबाड़ी केंद्र को दी गई।



### मैजिक ट्रैफिक क्लास में जाने सड़क सुरक्षा के नियम

शहर की समाजसेवी संस्था सुरक्षित भवः फाउंडेशन द्वारा बाल दिवस पर मैजिक ट्रैफिक क्लास" का आयोजन किया गया। समाजसेवी संस्था सुरक्षित भवः फाउंडेशन के प्रोजेक्ट "मिशन संभव" के अंतर्गत, वर्षों से राहगीरों एवं नागरिकों की सुरक्षा के लिए विभिन्न नए और क्रिएटिव तरीकों से सड़क सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए शुक्रवार को बाल दिवस के अवसर पर शहर के तीन अलग-अलग विद्यालयों में बच्चों के लिए विशेष सड़क सुरक्षा आधारित " मैजिक ट्रैफिक क्लास" आयोजित की गई। सुरक्षित भवः फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. संदीप धुप्पड़ ने नागपुर के जादूगर फारुख एवं जादूगर शकील के मैजिक प्रोग्राम से बच्चों ने ट्रैफिक सुरक्षा को जाना। प्रिंसिपल निशा कसार के सहयोग से मैजिक ट्रैफिक क्लास का आयोजन रायपुर कन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल व बिंदा सोनकर हायर सेकेंडरी स्कूल अश्विनी नगर के प्रिंसिपल एलएल देवांगन के सहयोग से पूरा किया।

### एफएलएन मेले में सीखा गणना और भाषा का ज्ञान



शुक्रवार को बाल दिवस पर शासकीय प्राथमिक शाला काठाडीह में एफएलएन मेला बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता का उत्सव 'करके देखबो सीख के रहिबो का आयोजन किया गया। मेले में कक्षा चौथी व पांचवी के बच्चों द्वारा शिक्षकों के सहयोग से 20 स्टॉल का निर्माण किया गया। इनमें 8 हिंदी, 6 गणित तथा 6 अंग्रेजी के स्टॉल शामिल रहे। स्टॉलों में कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों की समझ के स्तर के अनुरूप सामग्री रखी गई। बच्चों ने अपनी पसंद के स्टॉल में जाकर स्वयं गतिविधि करके समझने का प्रयास किया। चौथी और पांचवी के बच्चों ने छोटे बच्चों की अवधारणा स्पष्ट करने में सहयोग किया। बाल दिवस के अवसर पर पार्वती साहू द्वारा सभी बच्चों को आंशिक न्योता भोज के रूप में मीठा खिलाया गया व बच्चों ने एफएलएन मेला और भोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत काठाडीह की सरपंच त्रिवेणी साहू ने बच्चों को चॉकलेट वितरित किए। इस अवसर पर उपसरपंच रंजीत निषाद, पंच जितेंद्र कुमार ध्रुव, शंकर साहू, राजेश्वरी निषाद, सुभद्रा निषाद, तारिणी ध्रुव, पालक, प्रधान पाठक एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## सूर्य नमस्कार के 12 आसन ब्लड सर्कुलेशन में मददगार

# किडनी, शुगर और हार्ट के मरीजों को ठंड से बचने टीकाकरण जरूरी, सीने में दर्द होने पर तुरंत डिस्प्रिन लें

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** इन दिनों मौसम में तेजी से बदलाव के साथ ठंड बढ़ने लगी है, ऐसे में बुजुर्गों के लिए यह मौसम स्वास्थ्य संबंधित कई परेशानी लेकर आता है। यह गिरता तापमान बुजुर्गों के स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय बन जाता है। ऐसे में बीपी, शुगर, हाईपरटेंशन और हृदय रोगियों में स्वास्थ्य संबंधित खतरा तेजी से बढ़ता रहता है, इन दिनों 45 साल से अधिक उम्र के व्यक्तियों में स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं अधिक देखने को मिल रही हैं।



"सर्दियों में लोग मेवा-मिष्ठान और चटपटे भोजन का लुत्फ उठाना पसंद करते हैं, लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, यह आदत बीपी, शुगर और हाईपरटेंशन के मरीजों का जोखिम बढ़ा सकती है। तेल, मसाले और मीठे पकवान ठंड के दिनों में स्वादिष्ट जरूर लगते हैं, लेकिन शरीर पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ठंड में घर पर तैयार, सादा और संतुलित भोजन स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को रोकने में सबसे सुरक्षित उपाय है। लगातार लापरवाही से ठंड में शरीर की नसें सिकुड़कर सख्त हो जाती हैं, जिससे ब्लडप्रेशर अचानक बढ़ सकता है और हार्ट अटैक का खतरा रहता है। सर्दी में सीने में दर्द, बेचैनी, चक्कर या शरीर में कमजोरी जैसे लक्षणों को बिल्कुल भी नजरअंदाज न करें। ऐसे संकेत मिलने पर तुरंत नजदीकी अस्पताल जाकर जांच कराना बेहद जरूरी है, ताकि गंभीर स्वास्थ्य संकट से बचा जा सके।"



### सर्दियों में बीपी बढ़ने से हार्ट अटैक का खतरा

हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव त्रिपाठी ने बताया कि सर्दियों में खासकर रात के 3-4 बजे ब्लडप्रेशर के बढ़ने से कई समस्याएं देखने को मिलती हैं। इस दौरान हार्ट अटैक और ब्रेन हेमरेज का खतरा बढ़ जाता है। ठंड के कारण नसें सिकुड़ती हैं और ब्लड गाढ़ा हो जाता है, जिससे हृदय रोगियों की सेहत पर गंभीर असर पड़ सकता है। इन दिनों 45 साल से अधिक उम्र के लोग, जो डायबिटीज, हाईपरटेंशन, किडनी, शुगर या हार्ट संबंधित समस्या से जूझ रहे हैं, अधिक प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि सर्दियों के शुरुआती दिनों में साल में एक बार टीकाकरण बेहद जरूरी है। यह न केवल ठंड और निमोनिया जैसी बीमारियों से बचाता है, बल्कि गंभीर स्वास्थ्य जोखिम को कम करने में भी मदद करता है। साथ ही सीने में दर्द होने पर तुरंत डिस्प्रिन टेबलेट चबाएं, इससे आपको राहत मिलेगी और जान गंवाने का खतरा टल सकता है।

### सूर्य नमस्कार और सूर्य स्नान से बेहतर स्वास्थ्य संभव

योगगुरु मुकेश सोनी ने सर्दियों में स्वास्थ्य सुधार के लिए सूर्य नमस्कार और सूर्य स्नान को जरूरी बताया है। उनके अनुसार, योग और प्राणायाम के माध्यम से शरीर की सूर्य नाड़ी को जागृत किया जा सकता है, जिससे शरीर गर्म रहता है और ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। सूर्य नमस्कार के 12 आसन और सुबह-सुबह सूर्य स्नान हार्ट, स्टोन, गांठ और ब्लॉकेज जैसी समस्याओं को ठीक करने में मददगार हैं। इसके नियमित अभ्यास से व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ महसूस करता है। सूर्य स्नान से शरीर को विटामिन-डी मिलती है, जो हड्डियों के दर्द को कम करने और ऊर्जा बढ़ाने में लाभकारी है। यह आसन प्रत्येक उम्र के व्यक्तियों के लिए लाभकारी है, लेकिन बुजुर्गों को यह दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।

### सर्दियों में हार्ट-शुगर मरीजों के लिए डाइटिंग टिप्स

मेकाहारा अस्पताल की डाइटिशियन योगिता यादव ने हृदय संबंधित मरीजों को सर्दियों में बीपी संतुलित रखने और सही खानपान अपनाने की सलाह दी है। उनका कहना है कि सर्दियों के मौसम में 70-80 प्रतिशत लोग मेवा-मिष्ठान और चटपटे भोजन का लुत्फ उठाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। अधिक मीठा, नमक और तेल का सेवन शरीर में ब्लडप्रेशर बढ़ा सकता है और पैरालिसिस जैसी गंभीर समस्याओं का खतरा बढ़ा देता है। शुगर के मरीज मेवा-मिष्ठान के बजाय सेब, पपीता, अमरूद, नासपती और ऑरेंज का सेवन करें। खून गाढ़ा होने से बचाने के लिए भाजी सीमित मात्रा में खाएं और पोटेशियम युक्त अत्यधिक खाद्य पदार्थों से बचें। हार्ट के मरीजों को ठंड में गर्माहट बनाए रखना जरुरी होता है, इसके लिए वह खास ड्राई फ्रूट्स, गोंद, अंजीर, अखरोट और अलसी के लड्डू खा सकते है। सर्दियों में संतुलित और पौष्टिक भोजन अपनाना हार्ट और शुगर मरीजों की सेहत बनाए रखने का सबसे सुरक्षित तरीका है। छोटे बच्चे और बुजुर्ग अखरोट से तैयार लड्डू जरूर खाएं, इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है, जो हृदय स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।

### पैरालिसिस के बाद शारीरिक सुधार में फिजियोथेरेपी मददगार

फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. दीपक जैन के अनुसार, फिजियोथेरेपी से पैरालिसिस की समस्या को रोकना संभव नहीं है, लेकिन अगर किसी व्यक्ति को पैरालिसिस हो जाता है तो थैरेपी की मदद से उसके शरीर के मूवमेंट और दैनिक जीवन की कार्यक्षमता में सुधार किया जा सकता है। पैरालिसिस से पीड़ित व्यक्ति अक्सर दैनिक गतिविधियां करने में असमर्थ होते हैं। ऐसे मामलों में फिजियोथेरेपी मरीज की शारीरिक स्थिति के अनुसार व्यक्तिगत योजना तैयार करके, उसे धीरे-धीरे सामान्य रूप से बेहतर महसूस कराती हैं। इस प्रक्रिया में मशीन और एक्सरसाइज थेरेपी दोनों का इस्तेमाल किया जाता है। शुरुआत में मरीज की वर्तमान स्थिति के अनुसार हल्की और सरल एक्सरसाइज दी जाती हैं। जैसे-जैसे मरीज की क्षमता बढ़ती है, अग्रिम व्यायाम और मशीन थेरेपी के माध्यम से मांसपेशियों की मजबूती, संतुलन और सहनशीलता को सुधारने पर ध्यान दिया जाता है। नियमित फिजियोथेरेपी से मरीज का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों में सुधार देखा जा सकता है।

## सिटी लाइव

# पिताजी...आपका साया है तो मैं निर्भय हूं, कविता सुन आंखें हुईं नम



**रायपुर।** होली हार्ट्स स्कूल में 'बाल काव्य कुंज, जहां शब्दों में खिलते हैं सपने' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां छात्रों ने कविताओं का पाठ किया। स्कूल परिसर में आयोजित काव्य महोत्सव में कक्षा छठवीं से दसवीं तक के 30 बाल कवि–कवयित्रियों ने मंच पर शानदार प्रस्तुति दी, जहां मंच पर हास्य, वीर, श्रृंगार, रौद्र, करुणा जैसे नौ रसों से तैयार कविताओं का मंचन किया गया। इस दौरान छात्रा राहिणी पाटिल ने 'क्या राम बन पाओगे कविता की पंक्ति से लोगों को सोचने में मजबूर कर दिया। इस पंक्ति के माध्यम से लोगों को श्रीराम की करुणा, दया भाव, और माता-पिता के प्रति वचन के पालन करने की बात कही गई। जो वर्तमान दौर में लोग भूलते जा रहे हैं।

### नन्हे कवियों ने बिखेरा कविताओं का जादू

बूंदें बेरहम हैं, उनको ये वहम है कि मैं टूट रहा हूं, जो मैं चीख रहा हूं, पर वो बेवकूफ हैं। मैं तो सीख रहा हूं, ऐसे पहले भी लड़ा हूं मैं, एक कच्चा घड़ा हूं मैं...यह पंक्ति मशहूर कवि राहगीर की है, जिसकी प्रस्तुति छात्र अक्षय नायडू द्वारा स्कूल परिसर में दी। पंक्ति की शुरुआत से अंत तक छात्र का अटूट आत्मविश्वास प्रस्तुति के दौरान देखने को मिला। निडरता के साथ शानदार अंदाज में मंच पर कविता प्रस्तुत की और सभागार में मौजूद सभी दर्शकों से खूब तालियां बटोरीं। खास अवसर पर कक्षा दसवीं की तपस्या गोस्वामी ने 'रश्मिरथी' से अंश पढ़कर दिनकर की उर्जस्विता का सजीव अनुभव कराया।

## धर्म लाइव

# संस्कारों का महाकुंभ 10 से 13 दिसम्बर तक 1100 महिलाओं का होगा गर्भोत्सव संस्कार



**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में भिंभौरी में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ संस्कारों का महाकुंभ 10 से 13 दिसंबर तक होने जा रहा है। इस पूजन कार्यक्रम में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ भिलाई से भी लोग शामिल होंगे। इस दौरान 1100 गर्भवती महिलाओं का गर्भोत्सव संस्कार और 108 जोड़ों का आदर्श विवाह कराया जाएगा। संस्कारों के इस महाकुंभ में 11 दिसंबर को सुबह 8.30 देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या का विशेष उद्बोधन होगा। यज्ञीय कार्यक्रम के दूसरे दिन देव आह्वान, अग्नि स्थापना क्रम तक ही सिलघट में रहेंगे। डॉ. पंड्या के उद्बोधन के तुरंत बाद अन्य स्थानों में आयोजित यज्ञीय कार्यक्रम में शामिल होने रवाना होंगे।

### दी गई जिम्मेदारी

कार्यक्रम को लेकर ग्राम सिलघट गायत्री परिवार के सक्रीय और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एस.पी. सिंह, दुर्गा प्रसाद टिकरियां, डॉ खोमलाल साहू, शशिकांत, मोहन उमरे, नेमराज वर्मा, सिलघट सरपंच समामोहन पाणिक, मोहन पाणिक, विजेन्द्र सोनबेर, गोवर्धन साहू, विजेन्द्र सोनबेर, देवकी मढ़रिया, गोवर्धन साहू, सत्यभामा परगनिया, चंद्रहास गोलू, रागनी वर्मा, राजेश वर्मा, विजय वर्मा, यमुना वर्मा, हेमलाल साहू, चेतन यादव, लोकनाथ साहू, तुलसी साहू सहित सिलघट, भिभौरीं और आस-पास के गांव के लगभग तीन सौ महिला, पुरुष उपस्थित थे। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं को यज्ञ व्यवस्था, यातायात, सुरक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, संस्कार, भोजनालय, सफाई सहित अन्य आवश्यक जिम्मेंदारी सौंपी गई।

### छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश से प्रमुख जनप्रतिनिधि होंगे शामिल



सिलघट में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ संस्कारों का महाकुंभ कार्यक्रम के क्रम में 12-13 दिसंबर को छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश से प्रमुख जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार सिलघट में संस्कारों का महाकुंभ 10 दिसंबर को दोपहर 1 बजे मंगल कलश यात्रा के साथ शुरू होगा जो कि ग्राम सिलघट तथा आसपास के गांव का परिक्रमा कर आयोजन में शामिल होने का निमंत्रण देते हुए, ग्राम देवता को निमंत्रण देकर यज्ञ स्थल पहुंचेगी। जहां शक्तिकलश का आरती पूजन होगा। शाम 5 बजे शांतिकुंज हरिद्वार केन्द्रीय टोली द्वारा उद्बोधन होगा। 11 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से देवमंच से देव आवाहन, देवपूजन के साथ गायत्री महायज्ञ प्रारंभ होगा। 12 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से गायत्री यज्ञ, 11 बजे से 1100 महिलाओं का गर्भपूजन गर्भोत्सव संस्कार, शाम 5 बजे पांच हजार दीपक से विराट दीप यज्ञ, 13 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से यज्ञ, 11 बजे 108 जोड़ी आदर्श विवाह संस्कार किया जाएगा। जिसके बाद 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ अनुष्ठान की पूर्णाहुति, आरती शांतिपाठ के बाद टोली की विदाई की जायेगी।

● विशेष वर्ग के युवा कॅरियर संवारने रोजगार कार्यालय में करा रहे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

# शिक्षित दिव्यांग युवाओं की प्राइवेट फील्ड में छलांग, उद्यमी बनने में बढ़ रही रुचि, पारंगत करने एक्सपर्ट दे रहे प्रशिक्षण

'वह भी एक दौर था, जब रोजगार कार्यालय में लगने वाले प्लेसमेंट कैंप तक विशेष वर्ग के युवा पहुंच ही नहीं पाते थे। इसे देखते हुए सरकार ने शिक्षित दिव्यांग युवाओं का कॅरियर संवारने के लिए एक अलग विशेष रोजगार कार्यालय शुरू किया। इसमें राज्य के 10 हजार से ज्यादा युवा रजिस्टर्ड हैं। इनको 10 हजार के साथ कमीशन ही नहीं, बल्कि 60 हजार रुपए महीने कमाने जॉब भी आफर करने के लिए अब कैंप का हिस्सा प्राइवेट संस्थाओं से जुड़े नियोजक भी बनने लगे हैं। 350 युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का विकल्प मिला है। इसके अलावा 5 हजार से ज्यादा विशेष युवाओं ने खुद का व्यावसाय शुरू करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए मार्गदर्शन लिया है।'





**जॉब ऑफर के लिए विशेष प्लेसमेंट**

*दिव्यांग युवाओं को 2019 से 2025 के बीच 3248 दिव्यांग युवाओं को प्रशिक्षण का अवसर दिया है। इनमें से 120 प्रतिभागियों को अलग-अलग क्षेत्र में प्रशिक्षित करने के लिए सर्टिफिकेट भी दिए हैं। इसके आधार पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवा व्यावसाय करने और प्राइवेट फील्ड में बेहतर रिजल्ट देने का गुर सीखा। इससे प्राइवेट नियोजकों ने विशेष प्लेसमेंट कैंप के जरिए अभी तक 40 कैंप और इनमें शामिल हुए 82 संस्थाओं के माध्यम से 350 दिव्यांग युवाओं को रोजगार का अवसर दिया। रिसेप्शनिस्ट, कॉल अटैंडर के साथ हाउस किपिंग, ऑपरेटर,जन संपर्क अधिकारी, फिल्ड आफिसर जैसे पदों से 10 से 60 रुपए तक कमाई का अवसर दिया है।*

**रायपुर।** सरकार दिव्यांगों को प्राइवेट संस्थानों में बेहतर रोजगार के साथ ही स्वरोजगार शुरु करने का अवसर देते हुए आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी पहल कर रही है। दिव्यांग युवाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर में विशेष रोजगार कार्यालय 2016 से शुरू किया है। छत्तीसगढ़ निशक्तजन वित एवं विकास निगम के माध्यम से दिव्यांग युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए न केवल ऋण देने की व्यवस्था किया है। शिक्षित दिव्यांग युवाओं को कैंप के जरिए 10 से 60 हजार रुपए मंथली कमाने जॉब ऑफर किया है। विशेष कार्यालय में ऑनलाइन रजिस्टर्ड 10 हजार से ज्यादा युवाओं को बेहतर करियर बनाने के लिए न केवल जॉब ऑफर किया जा रहा है, बल्कि आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल निखारने का अवसर भी मिल रहा है। उद्यमी बनाने के लिए उप संचालक डॉ. शशिकला अतुलकर के मार्गदर्शन में एक्सपर्ट भी बुलाए जाते हैं, जो दिव्यांगता के आधार पर रोजगार को बेहतर करने प्रशिक्षण देते हैं।

### कैंप से पहले फील्ड की दी जाती है जानकारी



विशेष वर्ग के शिक्षित युवाओं को लेकर उप संचालक ने बताया कि जब भी कैंप के आयोजन की रूपरेखा बनाई जाती है। उससे पहले युवाओं को शिक्षा और उनके पसंदीदा फिल्ड से जुड़े फील्ड में किस तरह से बेहतर किया जा सकता है। इसके लिए किस तरह से वे प्रीपेयर रह सकते हैं, इसकी जानकारी देने के लिए अलग-अलग एक्सपर्ट भी बुलाए जाते हैं, जो युवाओं को पद, प्रोफेशन और वहां बेहतर किस तरह से कर सकते हैं। इसके बारे में बेसिक बातें बताई जाती हैं, ताकि नियोजकों के सामने वे तैयारी के साथ जाए और रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करें। अब युवाओं का रुझान विशेष रोजगार कार्यालय की तरफ बढ़ा है। इससे पहले फोन करने पर मार्गदर्शन लेने के लिए भी अपेक्षा के अनुरूप विशेष वर्ग के युवा नहीं पहुंचते थे। अब उनकी बढ़ती जिज्ञासा से बेहतर प्रयास जुड़े हैं।

### शिक्षित दिव्यांगों के लिए मार्गदर्शन कैंप

प्रदेश के शिक्षित युवा किस तरह से अपने करियर को आगे बढ़ा सकते हैं। किस तरह की तैयारी से वे सहायक तथा अनुपूरक सेवाओं से जुड़ सकते हैं। इसकी जानकारी देने के लिए उप संचालक की अगुवाई में अभी तक 57 बार कैरियर मार्गदर्शन कैंप किया गया। इस प्रशिक्षण कैम्प से 5257 दिव्यांग युवाओं ने भाग लिया। जहां उन्हें अलग-अलग फिल्ड से जुड़े एक्सपर्ट ने किस तरह से व्यावसाय कर सकते हैं। प्राइवेट जॉब और फिल्ड की जानकारी देने के लिए विशेषज्ञ अपना अनुभव साझा करते हुए बेहतर मार्गदर्शन भी देते हैं। इस श्रृंखला से जुड़ने वाले युवाओं ने सरकार की योजनाओं का लाभ लेते हुए अपना व्यावसाय करना पसंद किया। दो हजार से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं।

# नाट्य मंचन 'हम बिहार में चुनाव लड़ रहे', सिस्टम पर किया तीखा व्यंग्य

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ फिल्म एंड विजुअल आर्ट सोसायटी द्वारा आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय मुक्तिबोध नाट्य समारोह में रंगकर्मियों की प्रस्तुति जारी है। शुक्रवार को नाट्य समारोह के तीसरे दिन रंग मंदिर में स्व. बीएम शाह द्वारा निर्देशित 'कंजूस' नाटक और हरिशंकर परसाई की प्रसिद्ध रचना में से एक 'हम बिहार से चुनाव लड़ रहे' नाटक का मंच किया गया। इन दोनों ही नाटक में मुख्य अभिनय फिल्म व टीवी के जानेमाने अभिनेता व रंगकर्मी विजय कुमार ने निभाया। इन नाटकों में विजय कुमार ने अपने शानदार व दमदार अभिनय से जान डाल दी। नाटक कंजूस एक फ्रेंच नाटक का यह उर्दू रूपांतरण है, जो कंजूसी की थीम पर तीखा व्यंग्य करता हुआ दर्शकों के दिलों में उतर जाता है। वहीं नाटक 'हम बिहार से चुनाव लड़ रहे' एक तीखा सामाजिक-राजनीतिक व्यंग्य बनकर उभरता है। इसमें परसाईजी और भगवान कृष्ण खुद बिहार के चुनावी मैदान में उतरते हैं, अलग-अलग राजनीतिक दलों के नेताओं, मतदाताओं और दलालों से मुलाकात के हास्यपूर्ण किस्से सुनाते हुए चुनावी भ्रष्टाचार की पोल खोलते हैं, जैसे परसाईजी की मशहूर पंक्ति में कहा गया है, चुनाव में वोट मांगना नहीं, खरीदना पड़ता है। नाटक में अभिनेता विजय कुमार के अभिनय की दर्शकों ने खूब सराहना की। प्रसिद्ध अभिनेता विजय कुमार द्वारा अभिनीत 'कंजूस' नाटक एक मनोरंजक हास्य प्रस्तुति रही, जो दर्शकों को हंसी के फौवारों से सराबोर कर गई। इसकी पहली प्रस्तुति 1992 में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में हुई थी, जहां स्व. बीएम शाह ने नाटक का कुशल निर्देशन किया था। बीएम शाह की स्मृति में इस नाटक को पुनर्जीवित किया गया है और अब तक इसके देशभर में 8 शो सफलतापूर्वक आयोजित हो चुके हैं, जबकि रायपुर में इसकी 9वीं प्रस्तुति का मंचन किया गया।

## चुनावी मैदान पर उतरे भगवान श्रीकृष्ण और लेखक परसाई



### पहले नाटक का दृश्य

नाटक में दिखाया गया कि भगवान श्रीकृष्ण धरती पर आते हैं तो यहां की स्थिति को सुधारने के लिए चुनाव लड़ने का फैसला करते हैं। वे देशभर में बने अपने नाम के मंदिरों से खुश हैं, क्योंकि उन्हें यकीन है कि वे अपने भक्तों के वोटों से ही चुनाव जीत जाएंगे। जब वे मंदिर पहुंचते हैं तो वहां पुजारी बताता है कि उसका साला चुनाव लड़ रहा है, इसलिए वह भगवान श्रीकृष्ण को वोट नहीं दे पाएगा। वहां से निराश जब वे आम जनता के पास जाते हैं तो लोग उन्हें जबरन यादव जाति से जोड़कर जात-पात की राजनीति करने की सलाह देते हैं। लोग उन्हें समझाते हैं कि जब तक जात का ठप्पा नहीं होगा, तब तक वोटों का ध्रुवीकरण नहीं होगा और बिना ध्रुवीकरण के चुनाव नहीं जीते जाते हैं। इसके बाद श्रीकृष्ण राजनीतिक पार्टियों के दफ्तर जाते हैं तो कुछ सलाहकार उन्हें किसी खास विचारधारा का चोला ओढ़ने का सुझाव देते हैं। यहां तक कि प्रबुद्ध वर्ग की तलाश में जब वह विश्वविद्यालय जाते हैं तो प्रोफेसर भगवान श्रीकृष्ण से कहते हैं कि विद्या से सच्चा रूप सामने आता है और सच यह है कि यहां जन्म से व्यक्ति जातियों में बंटा है, इसलिए जाति और धर्म की राजनीति करना जरूरी है। आखिर में श्रीकृष्ण अपनी पार्टी बनाते हैं पर बिगड़ चुकी व्यवस्था के आगे खुद को असहाय पाते हैं।



### दूसरे नाटक का दृश्य

नाटक के मुख्य पात्र मिर्जा सखावत बेग की मंच पर एंट्री होती है, जो बेहद कंजूस है। कहानी इन्हीं के इर्द-गिर्द घूमती है। पिता के इस व्यवहार के चलते इनकी बेटी अजरा और बेटे फारुख खुलकर जी नहीं सकते। अजरा सखावत बेग के नौकर नासिर से प्यार करती है। जबकि फारूख और सखावत बाप-बेटे एक ही लड़की मरियम से प्यार करने लगते हैं। सखावत मरियम से शादी करने की इच्छा जाहिर करते हैं। ये पता चलते ही बाप-बेटे में बहस छिड़ जाती है। अल्पूफ, जो मिर्जा का बावर्ची है, वो इस बात से चिढ़ता है कि मिर्जा सखावत बेग की नजरों में नासिर की अहमियत उससे ज्यादा है। इसी बात का बदला लेने तिजोरी चुराने का आरोप नासिर पर लगा देता है और इसी बीच पता चलता है कि अजरा ने नासिर से शादी का वादा किया है। तभी असलम आते हैं, तब पता चलता है नासिर और मरियम असलम की बेटे-बेटी हैं। नाटक की सशक्त बात इसका एकल होते हुए भी सरस होना रहा। इसका कारण था नाटक का संगीत प्रधान होना। अभिनेता विजय कुमार ने मोहन रस रसिया रे..., मोर मुकुट पीतांबरधारी..., श्रीरामजय जय राम..., अरे भइया धोखा हो गवा..., 'बिहारी नंदलाला लइले दहिया मोरा ले..., समाजवाद बबुआ धीरे-धीरे आई..., हाय मोरे राजाजी..., अइला वोट के जमाना...' जैसे गीतों से दर्शकों की खूब प्रशंसा बटोरी।

# म्यूजिक बैंड ने मचाई धूम, उत्सव में विविध संस्कृतियों की झलक



**रायपुर।** गीत-संगीत, डांस और फैशन शो की प्रस्तुति से विद्यार्थियों ने कलिंगा उत्सव-2025 को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। नवा रायपुर स्थित कलिंगा विश्वविद्यालय में हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया। स्वागत के बाद विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि वार्षिकोत्सव का आयोजन करना विश्वविद्यालय के लिए उपलब्धि का क्षण होता है। विद्यार्थियों के लिए यह खुशी का पल जीवन के यादगार पलों में एक होता है। विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कुलाधिपति डॉ. संदीप अरोरा, उप-कुलाधिपति डॉ. सज्जन सिंह, कुलपति डॉ. आर. श्रीधर, महानिर्देशक डॉ. बायजू जॉन, कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी इस अवसर के साक्षी बने। कलिंगा बैंड के विद्यार्थी दीपेन शाह, मो. कैफ एवं साथियों ने शानदार गीत-संगीत पेश करते हुए सभी को झूमने के लिए मजबूर किया।

### पेश की तीज-त्योहारों की मनमोहक झलक

*इसी क्रम में रितु वर्मा, दिव्यांका और शुभश्री ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य पेश करते हुए सभी का दिल जीत लिया। फिर देवाशीष, गुरुदीप, रीना, ब्लेसी और श्रुति ने शानदार छत्तीसगढ़ी नृत्य की शानदार प्रस्तुति देते हुए लोगों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। प्रतिभागियों ने भारत की विविध संस्कृति और अनेकता में एकता के भाव को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न अंचलों के तीज-त्योहारों और संस्कृति की मनमोहक झलक पेश की। बॉलीवुड फ्री स्टाइल, साऊथ इंडियन, महाराष्ट्रीयन, हरियाणवी ग्रुप डांस ने लोगों को खुशनुमा माहौल दिया। वार्षिकोत्सव के बीच इस लम्हे को कैमरे में कैद करने वालों का उत्साह भी चरम पर था।*

**संस्कृत भारती संगठन के अखिल भारतीय अधिवेशन में विद्वानों ने दिया संस्कृत को बोलचाल की भाषा बनाने पर जोर**

# कश्मीर और कन्याकुमारी में भी छत्तीसगढ़ के गुरुओं ने देव भाषा की जगाई अलख, संस्कृत सूत्रों पर विज्ञान प्रदर्शनी

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** संस्कृत भारती संगठन की पहल पर हर तीन साल में होने वाला अखिल भारतीय संस्कृत अधिवेशन कोयम्बटूर तमिलनाडु में आयोजित किया गया। इस संस्कृत अधिवेशन की गूंज कश्मीर से कन्याकुमारी तक रही है। अधिवेशन में सभी राज्यों से पहुंचे संस्कृत के विद्वान गुरुओं और कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई। छत्तीसगढ़ से भी देव भाषा संस्कृत के गुरुओं की सहभागिता रही। इसमें संस्कृत का संरक्षण और प्रसार किस तरह संभव हो सकता है। इसको लेकर मंथन करते हुए संस्कृत में ग्रंथ रचना, ग्रंथ वाचन, गीता पठन, श्लोक वाचन, गृहे-गृहे, मुखे-मुखे संस्कृतम पर जोर दिया। वेदों और पुराणों में विज्ञान से जुड़े संस्कृत सूत्रों पर केंद्रित विज्ञान प्रदर्शनी सजाई। पुष्पक विमान, युद्ध में उपयोग होने वाले विज्ञान के सूत्रों का जिक्र किन-किन श्लोकों में मिलता है। संस्कृत ने विश्व को आविष्कार दिए हैं, जो आज भी हम देखते और पढ़ते हैं। इनमें टेलीफोन, विमान, दूरदर्शन और नौकायन जैसे कई संस्कृत सूत्र आधारित विज्ञान हैं।



### राजगीत और छत्तीसगढ़ी गीतों पर पेश किया नृत्य

संस्कृत के प्रचारक पं. चंद्रभूषण शुक्ला और डॉ. लूनेश वर्मा ने बताया कि इससे पहले कर्नाटक, दिल्ली और अब कोयम्बटूर तमिलनाडु में अधिवेशन किया गया। छत्तीसगढ़ के संस्कृत गुरुओं ने संस्कृत की अलख जगाते हुए वहां संस्कृत में राजगीत और छत्तीसगढ़ी गीतों पर नृत्य पेश करते हुए सबका मन मोह लिया। छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति की अधिवेशन चर्चा रही। संस्कृत भारती के अधिवेशन में कश्मीर से आए कार्यकर्ताओं ने अपने उद्बोधन में देव भाषा को बोलचाल में लाने और समृद्ध करने में सहभागिता का भरोसा दिलाते हुए सांस्कृतिक प्रस्तुति में केसर की खुशबू बिखेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सभी ने संस्कृत को समृद्ध करने किए जा रहे प्रयासों का जिक्र किया। यह भी बताया कि संगठन अलग-अलग राज्यों में संस्कृत की बेहतर बनाने के लिए किस तरह के प्रयास हर साल करते हैं।




### संस्कृत की पाठशाला लगाने की दी सलाह

संस्कृत को प्रमोट करते हुए छत्तीसगढ़ के विद्वानों ने संस्कृत के सूत्रों पर आधारित विज्ञान से जोड़ने और इसकी महत्ता बताने के लिए श्लोक आधारित विज्ञान प्रदर्शनी भी सजाई। इसके साथ ही वेदों और पुराणों का जिक्र करते हुए कन्याकुमारी में अरब सागर, हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी एक साथ मिलती है। सागराणां त्रिवेणी संङ्गममूच्यते अर्थात सागरों का त्रिवेणी संगम है कन्याकुमारी। कन्याकुमारी में सूर्योदय और सूर्यास्त समुद्र के पास प्रतिदिन होने से जुड़े रहस्य को भी संस्कृत में प्रस्तुत करते हुए विद्वानों से सराहना बटोरी। संस्कृत भारती से जुड़े डॉ. व्यासनारायण आर्य, डॉ. भगवानी निषाद, खुमेंद्र साहू, गुणसागर प्रधान, डॉ. मनीराम कौशिक, मीरा वर्मा, मंहगी पैकरा, असरिता पैकरा, शीतला मरावी, कौशल कौशिक, श्रीकांत पाण्डेय ने संस्कृत की पाठशाला लगाने की सलाह दी।

# हार्निया का झूठा इलाज करने वाला हास्पिटल सालभर के लिए सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

पेट दर्द की शिकायत लेकर पहुंची महिला को हार्निया पीड़ित बताकर झूठा इलाज करने वाले श्री गोविंद हास्पिटल को आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से सालभर के लिए निलंबित कर दिया गया है। गड़बड़ी की ढेरों शिकायतों के आधार पर अस्पताल द्वारा किए गए करीब डेढ़ सौ क्लेम को जांच के दायरे में लाया गया है। शिकायतों के आधार पर विभागीय स्तर पर उसे बंद कराने की सिफारिश भी की गई है। इसके अलावा आठ अन्य अस्पताल को भी 3-3 माह के लिए निलंबित किया गया है। जानकारी के अनुसार बांसटाल में संचालित करीब 30 बेड के अस्पताल के खिलाफ आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के नेशनल फ्राड इंवेस्टीगेशन टीम से जानकारी मिली थी। इस आधार पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने श्री गोविंद हास्पिटल में जाकर जांच की थी। जांच के दौरान फर्जी क्लेम के ढेरों मामले सामने आए थे। इसमें सामान्य मरीज को गंभीर, गलत पैकेज ब्लाक कर इलाज किए जाने का मामला शामिल था। अधिकारियों के मुताबिक अस्पताल में योजना के तहत हार्निया के झूठे इलाज का मामला भी सामने आया था। इंवेस्टीगेशन के दौरान पता चला कि किए गए क्लेम में जिस सोनोग्राफी की रिपोर्ट सबमिट की गई है वह भी फर्जी है। इस बारे में अस्पताल प्रबंधन से जवाब मांगा गया, तो वह संतोषजनक जानकारी नहीं दे पाया। अस्पताल द्वारा करीब डेढ़ सौ पैकेज को भी संदेह के आधार पर होल्ड कर जांच के दायरे में लाया गया है। अस्पताल के खिलाफ लगातार आने वाली शिकायतों के आधार पर उसका लाइसेंस निरस्त कर बंद कराने की सिफारिश भी की गई है। अस्पताल को योजना से एक साल के लिए निलंबित किया गया है। इसी तरह फर्जीवाड़ा की अन्य शिकायतों पर भी आठ अन्य अस्पतालों पर निलंबन की गाज गिरी है।

### इन अस्पतालों पर गाज

| अस्पताल | निलंबन अवधि |
|---|---|
| श्री गोंविद हास्पिटल, बांस टाल | 1 साल |
| वरदान हास्पिटल, शंकर नगर | 3 माह |
| जौहरी सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल, भाठागांव | 3 माह |
| न्यू रायपुरा हास्पिटल, महादेवघाट रोड | 3 माह |
| सौभाग्य हास्पिटल, खमतराई | 3 माह |
| सिद्धी विनायक हास्पिटल, उरकुरा | 3 माह |
| शिवम हास्पिटल, कुशालपुर | 3 माह |
| लक्ष्मी हास्पिटल एंड मेंटरनिटी होम, आरंग | 3 माह |

- गड़बड़ी की ढेरों शिकायत, अस्पताल बंद कराने की सिफारिश भी
- आयुष्मान में फर्जीवाड़ा, 8 और अस्पताल 3-3 माह के लिए निलंबित

### डेढ़ सौ क्लेम भी जांच के दायरे में




#### जांच में मिली थी अनियमितता

शिकायतों के आधार पर अस्पतालों में जाकर जांच की गई थी। इसमें विभिन्न तरह की गंभीर अनियमितताएं मिली थीं, इस आधार पर कार्रवाई की सिफारिश की गई थी। आयुष्मान योजना का मरीजों को वास्तविक लाभ मिले इसके लिए लगातार निगरानी की जा रही है।
- **डा. अविनाश चतुर्वेदी,** जिला नोडल, आयुष्मान योजना एवं नर्सिंग होम एक्ट

### राष्ट्रीय स्तर पर निगरानी

शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान भारत स्वास्थ्य सहायता योजना में हितग्राहियों को समुचित और वास्तविक उपचार का लाभ देने के लिए राज्य के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर टीम निगरानी कर रही है। समय-समय पर उनके द्वारा भेजी गई जानकारी के आधार पर स्थानीय टीम अस्पतालों में जाकर जांच कर कार्रवाई की सिफारिश कर रही है। कुछ समय पहले जांच के दायरे में आए कई बड़े अस्पतालों को भी योजना से बाहर किया गया था। राज्य में बड़ी आबादी बीमारियों के इलाज के लिए आयुष्मान योजना का उपयोग करती है।

## निधन

### मनीष बठेजा

रायपुर। तेलीबांधा गली नंबर-4 निवासी मनीष बठेजा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 नवंबर को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे विजय, मुरलीधर बठेजा के भतीजे एवं आशीष बठेजा के भाई थे।



### इंद्रा देवी वाधवानी

रायपुर। तेलीबांधा गली नंबर-4 निवासी इंद्रा देवी वाधवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 नवंबर को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे विजय, मुरलीधर बठेजा एवं आशीष बठेजा की बहन एवं संतोष, मनीष, नरेंद्र की माता थीं।



### तारणी पंसारी

रायपुर। कामता गली लिली चौक पुरानी बस्ती निवासी तारणी पंसारी का निधन हो गया। वे दिलीप पंसारी की पत्नी थीं।



### बसंत शर्मा

रायपुर। अश्वनी नगर निवासी बसंत शर्मा का 14 नवंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 15 नवंबर को 11 बजे निवास स्थान से महादेवघाट के लिए निकलेगी।



## हरिभूमि की पड़ताल- चावल में फफूंद-कीड़े लगे हुए मिले

# राशन दुकानों में शक्कर का भंडारण नहीं, चावल की क्वालिटी भी खराब, उपभोक्ता हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी रायपुर की उचित मूल्य की दुकानों में भंडारण नहीं किए जाने से हितग्राहियों को जहां शक्कर लिए बगैर लौटना पड़ रहा हैं, वहीं कई दुकानों में फफूंद व कीड़ा लगा तथा खराब क्वालिटी का चावल वितरण किया जा रहा है। इसे लेकर हितग्राहियों में नाराजगी भी देखी जा रही है, क्योंकि कई हितग्राहियों को घर ले जाने के बाद बोरी खोलने से पता चल रहा है कि चावल में फफूंद-कीड़े लगे हुए हैं। हरिभूमि ने शहर की कई दुकानों की पड़ताल की। इस पड़ताल में जहां कई दुकानों में शक्कर का भंडारण नहीं मिला, वहीं चावल की क्वालिटी भी खराब मिली। कई बोरियों में भरा चावल मटमैला तथा फफूंद लगा मिला, जिसके कारण कई हितग्राही घर ले जाने के बाद चावल वापस दुकानदार को लौटाकर दूसरा चावल भी ले गए।

### गाड़ियों की कमी के कारण भंडारण का काम धीमा

रायपुर जिले में उचित मूल्य की दुकानों में चावल, शक्कर एवं नमक का भंडारण करने के लिए होरा एवं तन्नू ट्रांसपोर्ट एजेंसी को ठेका दिया गया है। इन ट्रांसपोर्ट एजेंसियों का काम उचित मूल्य की दुकानों में मांग के अनुसार समय पर खाद्यान्न सामग्री का भंडारण करना होता है। बताया जा रहा है कि दुकानदारों की मांग और सामग्री के लिए राशि जमा करने के बाद नागरिक आपूर्ति निगम से टोकन कटने के बाद भी एजेंसियां समय रहते दुकानों में खाद्यान्न सामग्री का भंडारण नहीं कर पा रही हैं।

### छोटी गाड़ियों का टोटा, राउंड भी कम

रायपुर में ज्यादातर नई दुकानें गली-मोहल्लों में खुली हुई हैं। इन दुकानों में छोटी गाड़ियों से खाद्यान्न सामग्री पहुंचाई जाती है। नागरिक आपूर्ति निगम के सूत्रों के अनुसार ट्रांसपोर्ट एजेंसियों द्वारा छोटी गाड़ियां बहुत कम उपलब्ध कराई जा रही हैं, और जो उपलब्ध कराई जा रही है, वे भी राउंड कम लगा रही हैं, जिसके कारण इन दुकानों में खाद्यान्न खत्म होने के बाद भी भंडारण नहीं हो पा रहा है। यहीं वजह है कि आधा महीना गुजरने के बाद भी कई दुकानों में शक्कर का भंडारण नहीं हो पाया है, जिससे हितग्राहियों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।





#### केस 1

दुकान आईडी 441001172 में अब तक शक्कर का भंडारण नहीं हो पाया है। इसके कारण इस दुकान में पहुंचने वाले हितग्राहियों को बगैर शक्कर लिए लौटना पड़ रहा है। इस दुकान के संचालक ने बताया कि एक सप्ताह पहले डिमांड की जा चुकी है, लेकिन सप्लाई अब तक नहीं हुई है।

#### केस 2

दुकान आईडी 441001134 में शक्कर मिल रही थी, लेकिन यहां चावल की क्वालिटी खराब मिली। इस दुकान में पहुंची हितग्राही चंद्रकांता निवासी बोरियाखुर्द ने बताया कि वह चावल लेकर गई थी। घर जाने के बाद जब बोरी खोलकर देखा, तो उसमें फफूंद एवं कीड़ा लगा हुआ था। चावल भी मटमैला था। इस चावल को वह वापस कर दूसरा चावल लेने आई है।

**कई बोरियों में भरा चावल मटमैला तथा फफूंद लगा मिला, जिसके कारण कई हितग्राही घर ले जाने के बाद चावल वापस दुकानदार को लौटाकर दूसरा चावल भी ले गए**

#### शिकायत नहीं आई है, चेक कराता हूं

इस तरह की अभी कोई शिकायत नहीं आई है। अगर किसी राशन दुकान में इस तरह का चावल पहुंचा है, तो इसे चेक कराता हूं।
- **भूपेंद्र मिश्रा,** खाद्य नियंत्रक रायपुर

#### केस 3

दुकान आईडी 441001318 में शक्कर का भंडारण नहीं हुआ था। इस दुकानदार ने भी शक्कर के लिए एक सप्ताह पहले मांग की है, लेकिन अब तक भंडारण नहीं हुआ है।

#### केस 4

दुकान आईडी 441001261 में शक्कर के साथ नमक खत्म हो गया है, वहीं चावल भी खत्म होने वाला है। इस दुकान में अब तक भंडारण नहीं किए जाने से हितग्राही बगैर शक्कर, नमक लिए लौट रहे हैं।

## सीलबंद होते ही भवन मालिक ने किया बकाया राशि का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर में ऐसे कई बड़े बकायेदार हैं जो कई सालों से संपत्ति कर का भुगतान नहीं कर रहे हैं। ऐसे भवन, दुकान एवं काम्पलेक्स के मालिकों से बकाया की राशि वसूली के लिए नगर निगम के राजस्व विभाग की टीम अब तीन बार नोटिस जारी करने के बाद सीलबंद करने की कार्रवाई कर रही है। हालांकि कई लोग सीलबंद कार्रवाई करने के बाद बकाया राशि का भुगतान कर देते हैं, वहीं कई लोग कार्रवाई होने के बाद कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को एक प्रकरण में सीलबंद कार्रवाई होने के बाद एक बड़े बकायेदार ने संपत्ति कर राशि का तत्काल भुगतान किया। नगर निगम के जोन-4 क्षेत्र अंतर्गत पंडित भगवती चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक-57 में स्थित हुंडरज माल भवन के मालिक ने वर्ष पिछले 3 साल का संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया था।

## बिजनेस साइट

### डॉ. सुनील कालड़ा ने पटाखों से झुलसे 100 लोगों का निशुल्क उपचार किया



रायपुर। पटाखों से झुलसे-जले लोगों को राहत देने के लिए प्रदेश के प्रमुख बर्न विशेषज्ञ और कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक एवं बर्न सेंटर के संचालक डॉ. सुनील कालड़ा ने निशुल्क उपचार एवं सलाह की व्यवस्था की। पचपेड़ी नाका और जीई रोड स्थित अपने अस्पतालों में डॉ. कालड़ा ने 100 से अधिक पटाखों से झुलसे मरीजों का इलाज किया। इस बार पिछले सालों की तुलना में ज्यादा मरीज आए, जिनमें किसी का हाथ तो किसी का चेहरा झुलसा हुआ था। डॉ. कालड़ा पिछले 35 वर्षों से पटाखों से घायल हुए लोगों का निशुल्क इलाज कर रहे हैं और उनकी इस मेहनत के लिए उन्हें गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

### पीएनबी ने आयोजित किया 'पीएनबी मेगा रिटेल आउटरिच प्रोग्राम'



रायपुर। पंजाब नैशनल बैंक द्वारा ग्राहकों तक अपनी पहुंच और रिटेल सेवाओं को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से 'पीएनबी मेगा रिटेल आउटरीच प्रोग्राम' का आयोजन गुरुवार को किया गया। यह कार्यक्रम रायपुर के मोतीबाग स्थित पीएनबी मुख्य शाखा में हुआ, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पीएनबी प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली के मुख्य महाप्रबंधक सुमेश कुमार शामिल हुए। सुमेश कुमार ने बताया कि बैंक का लक्ष्य है कि रिटेल क्षेत्र में अधिक से अधिक ग्राहकों तक पहुंच बनाई जाए, उनकी आवश्यकताओं को समझा जाए और बैंक की विभिन्न स्कीमों को और बेहतर बनाकर उनके सामने प्रस्तुत किया जाए। इस कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण में रायपुर सर्कल में 50 करोड़ रुपए से अधिक का लोन वितरण शामिल था, जिसमें होम लोन, कार लोन, प्रॉपर्टी लोन और एजुकेशन लोन की पेशकश की गई। कार लोन पर बैंक ने सबसे प्रतिस्पर्धी दरों का भी उल्लेख किया, जो वर्तमान में मार्केट में उपलब्ध सबसे बेहतरीन दरों में से हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राहक और बैंक अधिकारी उपस्थित रहे। बैंक का मानना है कि इस प्रकार के रिटेल आउटरीच प्रयासों से न केवल बैंक–ग्राहक संबंध मजबूत होते हैं, बल्कि वित्तीय समावेशन की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होते हैं।

### रायपुर में आरएसएसडीआई की पहल: आदर्श ग्राम टेमरी गोद लिया



रायपुर। रिसर्च सोसाइटी फॉर दी स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया (आरएसएसडीआई) ने विश्व मधुमेह दिवस के मौके पर छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा 'ग्राम्य दत्तक ग्रहण योजना' के तहत आदर्श ग्राम टेमरी को गोद लिया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना और मधुमेह के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर के साथ सीपीआर कार्यशाला भी आयोजित की गई, जिसमें ग्रामवासियों को मधुमेह के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में स्वास्थ्य जांच से लेकर ग्लूकोमीटर का वितरण निशुल्क किया गया। इस आयोजन की सफलता में आरएसएसडीआई छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष डॉ. राका शिवहरे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों को लाभ हुआ। इस कार्य में डॉ. अजय सहाय, डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. अनुराग अग्रवाल, डॉ. श्याम शर्मा और स्वयंसेवकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### कल्याण पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर खास आयोजन



रायपुर। शंकर नगर खम्हारडीह स्थित कल्याण पब्लिक स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए कई सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें 1 मिनट शो, चेयर रेस, नृत्य, गीत, और कविताएं प्रमुख थीं। शिक्षकों ने बच्चों के लिए लोकप्रिय बाल गीत 'बच्चे मन के सच्चे' गाकर उन्हें प्रोत्साहित किया। इसके अलावा जनरल नॉलेज परीक्षा का आयोजन भी किया गया। बाल दिवस के मौके पर विद्यालय ने बच्चों को मिष्ठान वितरित किया। विद्यालय के संचालक राजेश सक्सेना और प्राचार्य शीला गुजर ने सभी विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## हिंदू राष्ट्र मोर्चा यात्रा पहुंची रायपुर, हुआ स्वागत

रायपुर। हिंदू राष्ट्र मोर्चा यात्रा की शुरुआत शिवसेना ने दंतेवाड़ा में मां दंतेश्वरी माता की पूजा-अर्चना से की। यात्रा के दौरान कई शहरों और गांवों में स्वागत-सत्कार किया गया। यात्रा जब रायपुर में पचपेड़ी नाका पहुंची तो यहां हजारों लोगों ने मोर्चा के सदस्यों का नारे लगाकर स्वागत किया। शिवसेना के प्रदेश महासचिव संजय नाग ने बताया कि इस दौरान छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रमुख धनंजय परिहार ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य किसी धर्म विशेष के खिलाफ प्रचार करना नहीं, बल्कि सनातनियों को जगाना और उन्हें एकजुट करना है। यात्रा में धनंजय परिहार, मधुकर पांडेय, संजय नाग, सुनील झा, राकेश श्रीवास्तव, एचएन सिंह पालीवार, सन्नी देशमुख, हिमांशु शर्मा, कमलाकर यादव, ईश्वर निषाद, विजय नाग समेत बड़ी संख्या में शिवसैनिक उपस्थित रहे।

## पेज 03 के शेष ...

### कोर्ट रूम के बाहर लगे वीरेंद्र तोमर...

पीछे-पीछे उसके समर्थक जेल परिसर पहुंच गए और जेल के गेट के पास पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। इस दौरान वीरेंद्र ने जोर से चिल्लाते हुए कहा कि वह अपराधी नहीं है, उसे तथा उसके परिवार को पुलिस जबरन अपराधी साबित करने की कोशिश कर रही है। वहीं क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत ने सूदखोर वीरेंद्र तोमर का जुलूस निकालने का विरोध किया है।

### जांच के लिए भेजे गए नेत्र शिविर...

प्रत्यारोपित किया गया। बीजापुर नेत्रकांड की जांच के बाद टीम शुक्रवार को लौट आई। कमेटी अपनी रिपोर्ट आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं डा. प्रियंका शुक्ला को देगी, जिसके आधार पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक इस मामले में सर्जरी में मानवीय त्रुटि होने की आशंका जताई जा रही है। कमेटी ने जिला अस्पताल के उस ऑपरेशन थियेटर की जांच की, जहां इन मरीजों का ऑपरेशन हुआ था। वहां संक्रमण की संभावना नहीं मिली है। एक संदेह के आधार पर वहां उपयोग में लाई गई दवा की क्वालिटी जांच के लिए भेजी गई है। जांच कमेटी से जुड़े सदस्यों ने वहां ऑपरेशन कराने वाले अन्य मरीजों के साथ उनसे जुड़े परिजनों और अस्पताल लाने वाले मितानिनों से बात की। दावा किया जा रहा है कि जिस महिला की आंखों की रोशनी गई थी, वह दुर्घटना का शिकार हुई थी और उसे चोट लगी थी। आंबेडकर अस्पताल में जांच के दौरान जांच के बाद उसकी आंख खराब होने की बात सामने आई थी। महिला को वह कार्निया प्रत्यारोपित कर दिया गया जो उन्हें दान में मिला था। आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए मौजूद सभी मरीजों की आंखों की रोशनी अब खतरे से बाहर बताई गई है।

### नए नियम से रुकेगी पीजी...

भारतीय नियतांश से किए जाने का नियम बनाया है। दावा किया जा रहा है कि इससे निजी कालेजों की मनमानी कम होगी और स्थानीय छात्रों को अपनी पसंदीदा सीट मिलने का मौका मिलेगा। इसके अलावा इस बार राज्य के मेडिकल कालेजों में पीजी सीटों पर स्थानीय छात्रों को प्राथमिकता देने का नियम बनाया गया है। मसलन दूसरे विश्वविद्यालयों से संबंधित कालेजों में एमबीबीएस करने वालों को सीटों का आवंटन तब तक नहीं किया जाएगा, जब तक आयुष विवि से संबंधित पात्र छात्रों की सूची चिकित्सा शिक्षा विभाग के पास बाकी है।

## अस्पताल परिसर में भ्रूण बरामदगी में एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल परिसर के आपातकालीन गेट के पास आठ दिन पूर्व सात नवंबर को लावारिश हालत में मिले भ्रूण मामले में मौदहापारा थाने की पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 94 के तहत अपराध दर्ज किया है। भ्रूण फेंकने वाले की अब तक पहचान नहीं हुई है। घटना स्थल पर मिले सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पुलिस भ्रूण फेंकने वाली महिलाओं की पतासाजी करने में जुटी हुई है।

आंबेडकर अस्पताल परिसर के आपातकालीन गेट के पास तड़के साढ़े छह बजे वहां काम करने वाले सफाई कर्मियों को प्लाज्मा में लिपटा भ्रूण मिला था। भ्रूण मिलने के बाद सफाई कर्मियों ने इसकी जानकारी अस्पताल प्रबंधन को दी। अस्पताल प्रबंधन ने घटना स्थल पर मिले सीसीटीवी फूटेज पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। घटना स्थल पर मिले सीसीटीवी फूटेज में दो महिलाएं अस्पताल के आपातकालीन गेट के पास भ्रूण फेंकते हुई दिख रही हैं। दोनों महिलाएं अपने चेहरे को बुरका से ढंकी हुई हैं। इस वजह से भ्रूण फेंकने वाली महिलाओं की पहचान नहीं हो पाई है।




- भ्रूण फेंकने वाले की पतासाजी में जुटी पुलिस
- आठ दिन पूर्व आंबेडकर अस्पताल के गेट के पास लावारिश हालत में मिला था भ्रूण

### संदिग्ध दोपहिया की जांच में जुटी पुलिस

महिलाएं जिस दोपहिया में सवार होकर आई थीं, बताया जा रहा है, वह एक्टिवा है। एक्टिवा के नंबर की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। भ्रूण फेंके जाने के बाद दोपहिया जिस दिशा में गई है। पुलिस उस दिशा में लगे अलग-अलग सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है, लेकिन पुलिस को अब तक एक्टिवा के बारे में किसी तरह से कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। बताया जा रहा है, एक्टिवा आंबेडकर अस्पताल से निकलने के बाद पीछे के रास्ते से मौदहापारा की तरफ गई है। इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस मौदहापारा के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

SHREE SHYAM MOTORS RAIPUR
एक चार्जिंग में 60 कि.मी. से 120 कि.मी. की रेन्ज वाली भारत की सबसे सस्ती इलेक्ट्रीक स्कूटर
आसान किस्तों में 0% डाऊनपेमेंट में
BAJAJ FINSERV
लिथीयम आयरन बैटरी में 3 साल की बैटरी वारंटी मात्र 36000/- से स्टार
NEW ERA
नये युग की ई-स्कूटर
SHREE SHYAM MOTORS
Ringroad Raipura Chowk, Sunder Nagar, Raipur (C.G.)
9039772000, 8962772000, 9229221744
छत्तीसगढ़ में डीलरशीप के लिये संपर्क करें

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस
93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

A VENUE THAT FEEDS Dreams and Delights to Your Guests
22 Rooms Fully Loaded with Modern Amenities
Deluxe Rooms - 11
Executive Balcony - 11
A PLACE THAT Compliments Your Events!
In-House Catering
In-House Decor
Pure Veg Restaurant (by india's best chef)
Banquet Hall Cap : 50 - 250 Person
Ample Number of Car Parking Space (150+ Car Park at a Time)
BANQUET HALL ROOMS CAFE & RESTAURANT BOARD ROOM
SHREEJI INN HOTEL
Restaurant-Banquet Hall
WE ORAGANISE : Marriage Functions,Corporate Events, Birthday Party, Kitty Party & More...
BOOKING NOW +91 93297 44444
Ring Road - 1, Infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur (C.G.)

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

खबर संक्षेप

## सीएम साय का प्रदेश के मुद्रकों ने जताया आभार



रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य के मुद्रकों के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर पाठ्यपुस्तक निगम की मुद्रण व्यवस्था यथावत रखे जाने हेतु उनका आभार जताया। छत्तीसगढ़ राज्य में प्रत्येक वर्ष निगम द्वारा मुद्रकों को पेपर आवंटित कर मुद्रण कार्य कराया जा रहा था। विगत 2 वर्षों से विभिन्न परिस्थितियों के चलते मुद्रण कार्य शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के समय ही संपन्न हो पा रहा था, जिसके चलते व्यवस्था में परिवर्तन कर कागज का आवंटन निगम द्वारा न किए जाने की चर्चा थी, परंतु मुख्यमंत्री ने प्रदेश के रोजगार एवं राजस्व का ध्यान रखते हुए राज्य के मुद्रकों के हित में मुद्रण व्यवस्था को यथास्थिति बनाए रखने की पहल की और आगामी वर्ष के लिए पेपर आवंटन के साथ मुद्रण कार्य किए जाने निर्देशित किया।

मुद्रण संस्थानों की ओर से पवन दुबे, अश्विनी मिश्रा, ब्रजेश शुक्ला, दीपक खडतकर, तरूण शर्मा समेत भारद्वाज, सुमित एवं अंकित प्रकाशन के प्रतिनिधि शामिल थे।

# अब फसलों, मिट्टी और पानी में कीटनाशक अवशेषों की निगरानी करेगा कृषि विश्वविद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

अलग खबर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को एक और उपलब्धी हासिल हुई है। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित फाइटोसैनिटरी लैब अब छत्तीसगढ़ में विभिन्न खाद्यान्न फसलों, फलों, सब्जियों आदि के साथ ही मिट्टी, पानी जैसे पर्यावरणीय घटको में भी कीटनाशक अवशेषों की निगरानी करेगी। भारत सरकार के कृषि एवं किसान मंत्रालय द्वारा कृषि विश्वविद्यालय के आण्विक जीव विज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित फाइटोसैनिटरी प्रयोगशाला को राष्ट्रीय कीटनाशक अवशेष निगरानी योजना के तहत अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान केन्द्र के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। कृषि विश्वविद्यालय की फाइटोसैनिटरी लैब यह उपलब्धि प्राप्त करने वाली छत्तीसगढ़ की एकमात्र तथा देश की 36वीं प्रयोगशाला है, जिसे इस राष्ट्रीय निगरानी कार्यक्रम में शामिल किया गया है।

## कृषि विवि की फाइटोसैनिटरी लैब को भारत सरकार से मिली मान्यता

### राज्य सरकार से सहायता प्राप्त हो रही

बता दें कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में फाइटोसैनिटरी प्रयोगशाला की स्थापना राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत केन्द्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त वित्तीय सहायता से हुई है। इस प्रयोगशाला के संचालन के लिए भी केन्द्र और राज्य सरकार से नियमित सहायता प्राप्त हो रही है। प्रयोगशाला में खाद्य पदार्थों में कीटनाशक अवशेषों, हेवी मेटल्स, सूक्ष्मजीवों आदि की जांच की जाती है जिससे इनके निर्यात हेतु मदद मिलती है।



### मिट्टी-पानी में भी कीटनाशक अवशेषों की निगरानी हो सकेगी

भारत सरकार की इस योजना का उद्धेश्य खाद्य पदार्था, मिट्टी एवं जल जैसे पर्यावरणीय नमूनों में कीटनाशक अवशेषों की नियमित निगरानी कर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, जल गुणवत्ता का मूल्यांकन करना तथा एकीकृत कीट प्रबंधन एवं उत्तम कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहन देना है। प्रयोगशाला को मान्यता मिलने से प्रदेश के किसानों की फसलों के साथ-साथ यहां की मिट्टी-पानी में भी कीटनाशक अवशेषों की निगरानी हो सकेगी। कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्रयोगशाला से संबंधित वैज्ञानिकों एवं उनके सहयोगियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह उपलब्धि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की वैज्ञानिक उत्कृष्टता तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं किसान कल्याण के प्रति विश्वविद्यालय की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# वन्यजीव अपराध रोकने वन मुख्यालय में इंटरस्टेट एजेंसी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो, मध्य क्षेत्र मुख्यालय भोपाल, छत्तीसगढ़ वन विभाग तथा अन्य राज्यों के वन विभाग के अफसरों की शुक्रवार को नवा रायपुर के अरण्य भवन में वन्यजीव अपराध रोकथाम पर अन्तर एजेंसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रेलवे, पुलिस, वन विभाग, केंद्रीय एजेंसियों तथा विभिन्न विशेषज्ञ संस्थाओं के अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में वन बल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा तथा झारखंड के सीनियर फॉरेस्ट अफसर,



पुलिस अधिकारी, वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो के अधिकारी, फॉरेंसिक विशेषज्ञ सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अलग-अलग राज्यों के 35 अधिकारी भी जुड़े। बैठक में वन्यजीव अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई, तस्करी नेटवर्क की पहचान, कोर्ट में केस प्रस्तुत करने की प्रक्रिया और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर चर्चा की गई।

### प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर

बैठक के दौरान बताया गया कि छत्तीसगढ़ वन विभाग में वन्यजीव अपराध नियंत्रण और क्राइम सीन डिटेक्शन विषय पर क्षेत्रीय स्तर पर प्रशिक्षण की आवश्यकता है। इस पर वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो, नई दिल्ली ने सहमति जताई और विभागीय कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण देने का आश्वासन दिया। वन बल प्रमुख श्री राव ने स्थानीय मुखबिर तंत्र को मजबूत करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाए जाने की बात कही।

### त्वरित जांच, कानूनी प्रक्रिया पर चर्चा

चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन अरुण कुमार पांडे ने वन्यजीव अपराध प्रकरणों की त्वरित जांच, साक्ष्य संकलन और केस को न्यायालय में प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया और अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में राज्य में वन्यजीव अपराध नियंत्रण के लिए स्पेशल टास्क फोर्स गठित करने पर भी चर्चा हुई, ताकि राज्य में वन्यजीव तस्करी और अवैध व्यापार पर और अधिक प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# धान खरीदी आज से, जिले में अभी भी 60 से ज्यादा किसानों का सत्यापन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

रायपुर सहित प्रदेशभर में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शनिवार से शुरू होने जा रही है। धान खरीदी के लिए पंजीकृत किसानों के धान के रकबे का भौतिक सत्यापन हुआ है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिले में लगभग 99 प्रतिशत सत्यापन का कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन जो बच गए हुए हैं, उनका सत्यापन अभी तक नहीं हो पाया है। विभागीय सूत्र के अनुसार अब तक लगभग 60 किसानों के धान रकबा तथा दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन नहीं हुआ है। ऐसे में इन किसानों को धान बेचने की चिंता भी सता रही है।

जिला कृषि विभाग कार्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए समिति स्तर पर इस बार पूर्व वर्ष में पंजीकृत 129203 कृषकों में 129203 कृषकों को कैरी फॉरवर्ड किया है। इसके अलावा 5129 नवीन कृषकों ने पंजीयन कराया है, वहीं 3196 कृषकों ने अपना रकबा को संशोधित कराया है। आरएईओ स्तर पर कैरी फॉरवर्ड, नवीन कृषक एवं संशोधित कृषकों में से लगभग 60 कृषकों के धान रकबे का भौतिक सत्यापन नहीं हो पाया है। इधर विभागीय अधिकारियों का यह भी कहना है कि तहसील स्तर पर पंजीकृत या संशोधित कृषकों के लिए सत्यापन आवश्यक नहीं है, लेकिन इनमें कितने कृषकों का भौतिक सत्यापन कराने की आवश्यकता नहीं है, इसकी जानकारी देने से विभाग के अधिकारी भी बच रहे हैं।

# 30 नवंबर तक डिजीलॉकर में दर्ज करने होंगे शैक्षणिक रिकॉर्ड

## नहीं कराना होगा भौतिक सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

यूजीसी ने शैक्षणिक रिकॉर्ड डिजीलॉकर में दर्ज करने के लिए समय सीमा 30 नवंबर कर दी है। सभी विश्वविद्यालयों को इस समय सीमा का पालन करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही वर्ष 2021-2024 तक के सभी छात्रों के दस्तावेज और क्रेडिट रिकॉर्ड तत्काल एनएडी-एबीसी प्लेटफार्म पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। यूजीसी द्वारा पहले ही डिजिलॉकर की सुविधा दी जा चुकी है, लेकिन इसके बाद भी महाविद्यालय और विश्वविद्यालय अपने छात्रों का डाटा इसमें अपडेट नहीं कर रहे हैं। इस कारण डिजिलॉकर के वास्तविक उद्देश्यों की पूर्ति नहीं हो पा रही है।




गौरतलब है कि राष्ट्रीय शैक्षणिक डिपॉजिटरी के तहत, डिजिलॉकर पर शैक्षणिक दस्तावेजों को स्टोर करने की सुविधा दी जाती है। इसका उद्देश्य छात्रों की डिग्री, मार्कशीट और अन्य शैक्षणिक प्रमाणपत्रों को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखना है। यदि विद्यार्थी एक शैक्षणिक संस्थान से दूसरे शैक्षणिक संस्थान में प्रवेश लेता है तो डिजिटल लॉकर में अंकसूची अथवा अन्य सर्टिफिकेट होने पर उसके भौतिक सत्यापन की आवश्यकता नहीं होती है।

### फीस नहीं रोक सकेंगे कॉलेज

कई बार किसी कॉलेज में एडमिशन लेने के बाद बेहतर कॉलेज या कोर्स मिलने पर छात्र अपना पहला एडमिशन रद्द करवा देते हैं। इस स्थिति में कई कॉलेज फीस वापस नहीं करते हैं या अधिक हिस्सा काटकर कुछ राशि ही छात्रों को लौटाते हैं। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। छात्रों की परेशानी को देखते हुए यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन ने नए सेशन के लिए फीस वापसी का नियम सख्त कर दिया है। इससे उन छात्रों को बहुत फायदा मिलेगा, जो बिना आर्थिक नुकसान के अपनी पसंद के कॉलेज या कोर्स में जाना चाहते हैं। यूजीसी के नए आदेश के बाद कॉलेजों की मनमानी नहीं चलेगी और छात्रों को उनकी पूरी फीस वापस मिल सकेगी। यह नियम सभी तरह के सरकारी और प्राइवेट कॉलेजों पर लागू है। यदि कोई कॉलेज इन नियमों को नहीं मानता है तो यूजीसी उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी करेगा।

### 30 सितंबर तक रद्द करना अनिवार्य

यूजीसी के नए दिशा-निर्देशों में फीस वापसी के लिए स्पष्ट और आसान समय-सीमा निर्धारित की गई है, जो छात्रों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। कोई छात्र 30 सितंबर 2026 तक अपना प्रवेश रद्द करता है या माइग्रेट करता है तो संस्थान को उसकी पूरी फीस वापस करनी होगी। इसमें किसी भी प्रकार की कटौती की अनुमति नहीं है। अगर प्रवेश रद्द करने की प्रक्रिया 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर के बीच होती है तो संस्थान फीस में से अधिकतम 1,000 रुपए की प्रोसेसिंग फीस काटकर बाकी राशि वापस कर सकता है।

# विभाग अध्यक्ष स्तरीय परामर्शदात्री कमेटी की बैठक बुलाने सीएस ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

■ सभी मान्यता प्राप्त संगठनों को आमंत्रित कर उनके ज्ञापन लिए जाएं

छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव विकासशील के निर्देश पर सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन ने विभाग अध्यक्षों को निर्देश दिया है कि संचनालय स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 15 दिसंबर तक आयोजित कर ली जाए, सभी मान्यता प्राप्त संगठनों को आमंत्रित कर उनके ज्ञापन लिए जाएं और उनकी मांगों का निराकरण किया जाए। इसके उपरांत राज्य शान स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारी मुख्य सचिव विकासशील को ज्ञापन देकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया था कि कई वर्षों से परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन नहीं हुआ है, जिससे कर्मचारियों की बहुत सारी मांगें लंबित हैं, इसके उपरांत मुख्य



सचिव ने सामान्य प्रशासन विभाग को तत्काल निर्देश दिए कि संरचनालय स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक बुलाई जाए। चंद्रशेखर तिवारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ एवं प्रांतीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं अनिल श्रीवास्तव प्रांतीय संरक्षक छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने मुख्य सचिव विकासशील के परामर्शदात्री समिति की बैठक बुलाए जाने का निर्देश दिए जाने के प्रति आभार प्रकट किया है। बैठक से शासन और कर्मचारी संगठनों के बीच कई वर्षों से संवादहीनता की स्थिति होने के कारण लाखों कर्मचारियों में असंतोष था, इस बैठक से कर्मचारियों की बहुत-सी मांगों का निराकरण हो जाएगा।



## खबर संक्षेप



### मधुमेह दिवस पर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन

**रायपुर।** सर्किट हाउस में विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय स्वास्थ्य समीक्षा बैठक के दौरान एनसीडी स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 110 प्रतिभागियों की एनसीडी स्क्रीनिंग की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों में गैर-संचारी रोगों की शीघ्र पहचान, नियमित जांच, तथा रोकथामात्मक स्वास्थ्य व्यवहार को बढ़ावा देना था। आयोजित शिविर में स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, आयुक्त स्वास्थ्य सेवा डा. प्रियंका शुक्ला के साथ अन्य अधिकारी भी पहुंचे। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी एवं सिविल सर्जन डा. एसके भंडारी, एनसीडी नोडल डा. प्रीति नारायण, डीपीएम मनीष मेजरवार ने बीपी शुगर की जांच करवाया। इस दौरान बीपी-शुगर से होने वाली समस्या के बारे में जानकारी देकर उससे नियंत्रित करने का उपाय भी बताया।

### डेढ़ दशक से गले की बढ़ती गांठ का सफल ऑपरेशन

**रायपुर।** स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ के कान, नाक, गला विभाग द्वारा अधिष्ठाता डॉ. विनीत जैन एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ.मनोज कुमार मिंज के मार्गदर्शन में डेढ़ दशक से गले की बढ़ती गांठ से परेशान महिला का सफल ऑपरेशन किया गया। महिला पिछले 15 साल से गले की बढ़ती गांठ से परेशान थी। डर के कारण उसने इलाज नहीं कराया और इस मध्य उसकी बीमारी बढ़ती रही और अब महिला का गले के ट्यूमर बड़ा आकार ले लिया था जिससे आहार नली दबने लगी थी।

# दीपआशा डीएनए के पेंच में उलझी, भविष्य को लेकर अब तक निर्णय नहीं, पुनः बैठक

**क्लोन से पैदा कथित वनभैंसा की डीएनए रिपोर्ट अब तक अप्राप्त, असम से बाद में लाए गए वनभैसों का डीएनए सैंपल 10 दिन में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य का राजकीय पशु वनभैंसा के कथित तौर पर क्लोन से दीपआशा पैदा कराकर देश के साथ अंतर्राष्ट्रीय जगत में वाहवाही बटोरने वाला वन विभाग उसी क्लोनिंग वनभैंसा को लेकर बुरी तरह से उलझ गया है। अलग-अलग रिपोर्ट में क्लोनिंग वनभैंसा के मुर्रा भैंसा साबित होने के बाद वन विभाग के अफसर अब तक डीएनए रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं कर पाए हैं। रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद विभाग के साथ राज्य की किरकिरी होना तय है। वन विभाग के अफसरों ने क्लोन से तैयार वनभैंसा का डीएनए जांच के लिए सैंपल सीसीएमबी हैदराबाद तथा डब्लूआईआई के पास भेजा है, लेकिन रिपोर्ट अब तक अप्राप्त है।

दीपआशा को लेकर 20 नवंबर को वन मुख्यालय में एक बड़ी बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में देश के जाने माने वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट जुटेंगे। बैठक में विचार किया जाएगा कि जंगल सफारी में अलग से बाड़े में रह रहे क्लोनिंग भैंसा का क्या किया जाए। सवाल उठता है कि क्लोनिंग भैंसा की डीएनए रिपोर्ट के बगैर एक्सपर्ट क्या निर्णय लेंगे। उल्लेखनीय है कि जंगल सफारी में अलग से बाड़े में रह रही दीपआशा को वहां पहुंचने वाले विजिटर को नहीं दिखाया जाता। वर्ष 2014 में तैयार क्लोनिंग भैंसा की उम्र 11 वर्ष हो चुकी है।

### डीएनए रिपोर्ट के लिए पत्र लिखेंगे

दीपआशा की डीएनए जांच के लिए वर्ष 2019 में निर्णय लिया गया। निर्णय के तीन साल बाद वर्ष 2022 में डीएनए जांच के लिए सीसीएमबी हैदराबाद भेजा गया। एक साल बाद वर्ष 2023 में डीएनए जांच के लिए सैंपल डब्लूआईआई के पास भेजा गया। सामान्यतः डीएनए रिपोर्ट आने में 10 से 15 दिन लग जाता है। दीपआशा की डीएनए रिपोर्ट तीन साल बाद भी अप्राप्त है। इस संबंध में चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन अरुण पाण्डेय से संपर्क करने पर डीएनए रिपोर्ट के लिए पुनः पत्र लिखे जाने की बात कही।



### बाद में भेजे गए सैंपल रिपोर्ट 10 दिन में मिली

दीपआशा के बाद असम से कोराना संक्रमण काल के समय वनभैंसा लाया गया। असम से लाए वनभैंसा की डीएनए जांच के लिए भेजी गई रिपोर्ट 10 दिन के भीतर आ गई। इसके बाद वर्ष 2023 में असम से दोबारा लाए गए वनभैंसा की डीएनए रिपोर्ट 10 दिन में आ गई। ऐसे में सवाल उठता है, वर्ष 2022 तथा 2023 में दीपआशा की डीएनए जांच रिपोर्ट अब तक क्यों नहीं आई।

## प्रदेशभर में 86 हजार से अधिक राशन कार्ड संदेह के दायरे में

# केवाईसी के बाद भौतिक सत्यापन में एक लाख से अधिक राशन कार्ड सदस्य मृत मिले, काटे गए सभी के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में वन नेशन वन कार्ड योजना के तहत उचित मूल्य दुकानों के राशन कार्ड सदस्यों का इकेवाइसी की प्रक्रिया के दौरान प्रदेशभर में 86 हजार से अधिक राशन कार्ड संदेह के दायरे में आए हैं, वहीं 33 लाख से अधिक सदस्यों ने ईकेवाइसी भी नहीं कराया है। इसे देखते हुए खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग ने प्रदेशभर के जिलों में सस्पेक्टेड राशन कार्ड के साथ इनके सदस्यों का भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए हैं। इधर भौतिक सत्यापन के दौरान अब तक एक लाख से अधिक सदस्य ऐसे मिले हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद भी इन मृतकों के नाम पर उनके परिवार के लोग हर महीने उचित मूल्य की दुकानों से खाद्यान्न उठा रहे थे। विभाग ने अब इन सभी मृत सदस्यों के नाम संबंधित राशन कार्डों से डीलीट करा दिए हैं, ताकि मृतकों के नाम से कोई भी खाद्यान्न उठा नहीं सके।

राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में चार माह पहले खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग ने ईकेवाइसी रिपोर्ट की जांच की थी। इस रिपोर्ट में प्रदेशभर में 86 हजार 2 सौ राशन कार्ड सस्पेक्टेड पाए गए थे। ये सभी राशन कार्ड डुप्लिकेट आधार से बनवाए गए थे। इस रिपोर्ट के बाद जिन-जिन जिलों में सस्पेक्टेड कार्ड पाए थे, उनका दोबारा भौतिक सत्यापन कराया गया। इस सत्यापन के दौरान ही प्रदेशभर में एक लाख से अधिक सदस्य मृत पाए गए हैं। जांच में यह भी पाया गया कि मृत मिले सदस्यों के नाम से भी कई राशन कार्ड धारक उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न उठा रहे थे। विभाग ने देर किए बिना सभी मृतकों के नाम राशन कार्ड की सूची से डीलीट करवा दिए हैं।




### सस्पेक्टेड सदस्यों के नाम होंगे ब्लॉक

विभागीय सूत्रों की मानें, तो विभाग अब सस्पेक्टेट सभी सदस्यों के नामों को ऑनलाइन पोर्टल में ब्लॉक करने की तैयारी में है। ब्लॉक होते ही इन सदस्यों को उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न मिलना भी बंद हो जाएगा। सूत्रों के अनुसार दिसंबर या जनवरी में यह कार्रवाई की जा सकती है।

### रायपुर जिले में 20 हजार मृतक मिले

राशन कार्डों एवं सदस्यों के भौतिक सत्यापन के दौरान रायपुर जिले में ही अब तक 19683 सदस्य मृत मिले हैं। इन सभी मृतकों के नाम संबंधित राशन कार्डों की सूची से विभाग ने डीलीट करा दिया है। इसके बाद से अब जीवित सदस्यों को खाद्यान्न मिल रहा है।

### दो लाख सदस्यों के केवाइसी कराने का टारगेट भी पूरा नहीं

प्रदेशभर में लगभग 33 लाख सदस्य सस्पेक्टेड हैं। इन सदस्यों ने अब तक केवाइसी नहीं कराया है। कोई भी पात्र सदस्य खाद्यान्न से वंचित ना हो, इस मंशा से केंद्र एवं राज्य सरकार ने अनेकों बार केवाइसी कराने की अंतिम तारीख में वृद्धि की है, लेकिन इसके बाद भी बचे हुए सदस्य केवाइसी नहीं करा रहे हैं। शासन ने पिछले महीने प्रदेश में बचे हुए 33 लाख सदस्यों में से 2 लाख सदस्यों का केवाइसी कराने का टारगेट विभाग को दिया था। यह टारगेट 30 अक्टूबर तक पूरा करना था, लेकिन सदस्यों के केवाइसी नहीं कराने से यह टारगेट भी पूरा नहीं हो पाया।

# शासकीय मेडिकल कालेज में याद किए गए नेहरू

**रायपुर।** प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस 14 नवंबर बाल दिवस के अवसर पर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में उनका पुण्य स्मरण किया गया। अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी और अन्य संकाय सदस्यों के द्वारा प्रवेश द्वार पर स्थापित पंडित नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी ने कहा पंडित नेहरू सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे हैं और उन्होंने भारत के विकास की मजबूत नींव रखी है।









